हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 30 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



12 सफाई पर स्वास्थ्य अधिकारी को फटकार, तत्काल व्यवस्था सुधारने नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहने चेतावनी



13 शराब दुकान के विरुद्ध ग्रामीण लामबंद 2 सितंबर को जाएंगे कलेक्टोरेट








## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर डरा धमका रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शास्त्री चौक दुर्ग निवासी ,पिपरा पार्क दुर्ग धीरज कुमार ठाकुर , सिकोला बस्ती योगेश मरकाम, बजरंग पारा उरला तुलेश बघेल उर्फ मोटू को पकड़ा गया है। आरोपी बैजनाथ पारा, गंजपारा, सिकोला बस्ती दुर्ग, बीडी कालोनी में चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहे थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार चापड़ दिखाकर डराने धमकाने वाले को उतई पुलिस ने पकड़ा। आरोपी दुरनो सोना पिछले करीब एक वर्ष से फरार था। मामले में जोरातराई निवासी टीकाराम पिता शांतिलाल सोना ने शिकायत की थी। उतई पुलिस ने बताया कि वह जोरातराई के मार्केट से पैदल अपने घर जा रहा था। तभी आरोपी दुरनो सोना व आकाश सिनने अपने हाथ में चापड़ जैसा धारदार हथियार दिखाकर डराने लगे। वे बोले कि तुम्हारा भाई कल विवाद किया था। तुम्हारे भाई और तुम्हारे परिवार का जो भी मिलेगा, उसे जान से मार देंगे। पुलिस ने मामले में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट दर्ज के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी आकाश सिनने को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। दुरनो सोना फरार था। मुखबिर को सूचना पर उसे पकड़ा गया। कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### तीन अपचारी बालकों से 1.35 लाख की तीन बाइक जब्त

**भिलाई।** बाइक चोरी मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालको को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गणेश नगर जामुल निवासी जलेश्वर शर्मा, श्याम नगर अटल आवास भिलाई तीन नारायण सिंह, लक्ष्मी पारा जामुल चंद्र प्रकाश साहू ने वाहन चोरी की शिकायत की थी। मुखबिर की सूचना पर संदेहियों को पकड़कर पूछताछ करना शुरु किया। पकड़े गए तीन बालक अपचारी निकले। उनके पास से पुलिस ने तीन बाइक जब्त किया। जिसकी कीमत 1.35 लाख रुपए का है। जब्त बाइक में सीजी 07 एलवाई 3891, सीजी 07 बीएफ 0443, सीजी 07 बीएस 9944 है। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### जागरुकता की कमी से 60 प्रतिशत लोगों का संकल्प लेने के बाद भी नहीं हो पा रहा नेत्रदान

# आई बैंक का पैसा लैप्स, निजी व रायपुर मेडिकल कॉलेज के भरोसे चल रहा दुर्ग जिले में नेत्रदान

देवीलाल साहू ▶▶भिलाई

दुर्ग जिले में हर साल की तरह इस बार भी नेत्रदान पखवाड़ा चला रहा है। हैरत की बात यह है कि जिले में आई बैंक निर्माण के लिए आया पैसा सालों पहले ही लैप्स हो गया। जिसकी वजह से सरकारी कार्निया श्री शंकराचार्य व रायपुर मेडिकल कॉलेज के भरोसे अब भी चल रहा है। लोगों में नेत्रदान के प्रति जागरूकता में कमी की वजह से संकल्प पत्र भरने के बाद भी 60 प्रतिशत लोगों का नेत्रदान ही नहीं हो पाता। हाल यह है कि पिछले साल से अब तक केवल 38 लोग ही नेत्रदान कर सके। जिसमें 80 प्रतिशत लोग हार्ट अटैक व दुर्घटना की वजह से अचानक दुनिया छोड़ने वाले लोग हैं। जिनका कार्निया संकल्प पत्र की वजह से नहीं बल्कि परिवार वालों की पुण्य विचार से मिल पाया।



नेत्रदान पखवाड़ा का प्रचार प्रसार करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

#### नेत्रदान में दुर्ग जिले की स्थिति काफी पीछे

दूसरों को रोशनी बांटने में दुर्ग जिला काफी पीछे है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सालों से राष्ट्रीय दृष्टिहीनता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, लेकिन आकंडे बढ़ने के बजाय घटता जा रहा है। पिछले पांच साल में साढ़े 16 हजार लोगों ने नेत्रदान की घोषणा तो की, लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। हाल यह रहा कि महज 38 लोगों का आई बॉल डोनेट हुआ। हर साल नेत्रदान लोग करें इसके लिए लोगों के स्वैच्छिक नेत्रदान फार्म भरवाया जाता रहा है। मृत्यु के बाद जब उनकी घोषणा की बात आती है तो ज्यादातर परिवार स्वास्थ्य विभाग को सूचना भी नहीं देते। इसकी वजह से नेत्रदान की घोषणा महज घोषणा ही बनकर रह जाती है।

#### दुनिया देखने का 12 हजार लोगों को है इंतजार

यदि आप नेत्रदान करेंगे तो हजारों लोग दुनिया देख सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 12 हजार लोगों को रोशनी की तलाश हैं। रायपुर मेडिकल कॉलेज आई बैंक में बरसों से ये लोग इसी इंतजार में अपना नाम दर्ज कराए हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि हर साल बमुश्किल से दस प्रतिशत लोगों को भी आंखें नहीं मिल पा रही। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को नेत्रदान करने के लिए आगे आने की जरूरत हैं।

#### दुर्ग में आई बैंक में है कार्निया कलेक्शन सेंटर

दुर्ग में केवल कॉर्निया कलेक्शन सेंटर है। यहां के नेत्ररोग विशेषज्ञ चिकित्सक और टेक्निकल कर्मचारी सूचना के बाद मृत व्यक्ति की आंखों का कॉर्निया माइनर सर्जरी कर निकालते हैं। ये कोल्डचैन कंटेनर में कॉर्निया को सुरक्षित रखने एंटीबायोटिक दवा इस्तेमाल कर सीधे रायपुर मेडिकल कालेज के आई बैंक में जमा करते हैं। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में भी रखा जाता है। दुर्ग में दस साल पहले आई बैंक स्थापित करने के लिए लाखों रुपए की मंजूरी हुई थी। जिला मरच्युरी के बाजू में आई बैंक के लिए कक्ष भी निर्माण हुआ लेकिन संसाधन नहीं जुटा सके। नतीजा यह पैसा ही लेप्स हो गया।

#### मृत्यु के 6 घंटे के भीतर ही कॉर्निया सुरक्षित

शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज आई बैंक के प्रभारी डॉ. प्रतीक जैन ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और वह नेत्रदान का इच्छुक था तो उनकी सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग को देना चाहिए। चिकित्सकों के मुताबिक मृत्यु के 6 घंटे के भीतर आंखों से कॉर्निया निकाला जा सकता है।नेत्रदान वही कर सकते हैं जिनकी आंखों का कॉर्निया उपयोगी हो। चिकित्सकों के मुताबिक जिस व्यक्ति की मौत कैंसर, एचआईवी, सर्पदंश, कुत्ता काटने या फिर डूबने से हुई हो उनका कॉर्निया नहीं लिया जा सकता।

#### परिजनों द्वारा नहीं दी जा रही जानकारी

नेत्रदान की घोषणा करने वालों की कमी नहीं है। जब उसकी मृत्यु हो जाती है तो परिजन इसकी जानकारी नहीं देते। इसलिए नेत्रदान करने वालों की संख्या गिनती की है। यह स्वैच्छिक होता है इसलिए विभाग कोई दबाव नहीं डाल सकता। जागरूकता की कमी है। नेत्रदान पखवाड़े में हमारा विभाग लोगों को जागरूक करने में ज्यादा जोर दे रहा है। **-डॉ. संगीता भाटिया,** नोडल अधिकारी नेत्र

## पटना-चर्लपल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन हफ्ते में चलेगी दो दिन, दुर्ग पहुंचेगी सुबह 10:30 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



राष्ट्रीय त्यौहारों को ध्यान रखते हुए रेल यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे ने पटना से चर्लापल्ली के मध्य नई स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन हफ्ते में दो दिन चलेगी। इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। यह ट्रेन पटना से चलकर गया, रांची, हटिया, राउरकेला, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, नागपुर होते हुए चर्लापल्ली तक जाएगी। इसी मार्ग से वापस आएगी। ट्रेन 27 फेरों के लिए चलाई जा रही है। स्पेशल ट्रेन के परिचालन विस्तार

- रेलवे ने जारी किया शेड्यूल, 27 फेरे लेगी, 3 जनवरी तक परिचालन

में किया गया है। यह स्पेशल ट्रेन 2 जनवरी 2026 तक पटना एवं चर्लापल्ली के मध्य चलेगी। गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 29 सितम्बर से शुरू होगी। सोमवार एवं बुधवार को पटना से इसका परिचालन होगा।

इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या 07255/07256 चर्लापल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन 1 अक्टूबर से चर्लापल्ली से रवाना होगी। इन स्पेशल ट्रेनों में 02 एसएलआरडी, 06 जनरल, 12 स्लीपर, 02 एसी-थ्री, 2 एसी-टू सहित कुल 24 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। ट्रेन दोपहर बजे पटना से चलकर अगले दिन सुबह 10.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी, पांच मिनट के अंतराल के बाद आगे रवाना होगी। इसी प्रकार चर्लापल्ली से रात 9 बजे निकलेगी और अगले दिन सुबह 12 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इसके बाद रायपुर, बिलासपुर के रास्ते पटना तक जाएगी।

## वार्डों से कचरा उठाकर सड़क पर फैलाया जा रहा, धमधा नाका में हर दिन ऐसा ही नजारा...



**दुर्ग।** तस्वीर दुर्ग के धमधानाका स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास बेमेतरा मुख्य मार्ग की है, जहां हर दिन वार्डों से डोरटूडोर कचरा कलेक्शन के बाद सफाई कर्मी सड़क पर कचरा फैला रहे हैं। वे यहां झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक को अलग करने का काम कर रहे हैं। इसकी वजह से सड़क किनारे रोजाना कचरा फैल रहा है। हर दिन दोपहर 12 बजे के बाद यही नजारा देखने को मिल रहा है। इस प्रकार शहर में सफाई व्यवस्ता दुरुस्त रखने वाले ही इस क्षेत्र में कचरा फैला रहे हैं। बता दें कि एसएलआरएम सेंटर में कचरे से खाद बनाया जाना है, लेकिन खाद नहीं बन रहा है। नियमित रूप से यहां कचरा डंप किया जा रहा है। इसकी वजह से आसपास खासी गंदगी पसरी हुई है।

## निगरानीशुदा बदमाश पर एनएसए 18 से ज्यादा मामलों में है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई




भिलाई-तीन थाना क्षेत्र के निगरानीशुदा बदमाश संगीत मधुकर उर्फ टेटे पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। उस पर पुरानी भिलाई में 18 मामले तथा 4 प्रतिबंधात्मक प्रकरण दर्ज हैं। संगीत पिता छन्नू लाल मधुकर उम्र 28 वर्ष निवासी पथर्रा वार्ड 5 के विरुद्ध जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह के आदेश पर रासुका लगाया गया है। उसे गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल दुर्ग में दाखिल किया गया। उस पर शरीर संबंधी 12 प्रकरण एवं पशु तस्करी के 6 प्रकरण दर्ज हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार संगीत मधुकर द्वारा वर्ष 2015 से लगातार अपराध घटित किये जा रहे हैं। उसके आपराधिक गतिविधियों में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से अनावेदक को निगरानी बदमाश की श्रेणी में लाया गया है। वह लगातार जघन्य अपराध करने में लिप्त है। उसके अपराध में लगातार वृद्धि होती जा रही है। उसके अपराधिक कृत्यों में कोई कमी नहीं आई है। अनावेदक का आतंक इतना अत्याधिक है कि कोई भी आम व्यक्ति उसके विरूद्ध थाना व न्यायालयों में साक्ष्य देने से घबराते हैं। उसके विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी के कई मामले दर्ज हैं।

## महादेव सट्टे में आरोपी की तलाश में भिलाई पहुंची एमपी की पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बालाघाट में दबिश के बाद सरगना की तलाश में आई-पांच पुलिस कर्मी और अफसर पहुंचेभिलाई। ऑनलाइन महादेव सट्टे के सरगना को पकड़ने के लिए एमपी की पांच पुलिस कर्मी व अफसर छावनी पहुंचे थे। मौके से सरगना फरार था। पुलिस पूछताछ कर देर शाम लौट गई। मिली जानकारी के मुताबिक 26 अगस्त को एमपी पुलिस ने दबिश देकर बालाघट निवासी पारस नामक युवक समेत पांच को पकड़ा था। उसके बयान के आधार पर महादेव सट्टा के सरगना को पकड़ने छावनी पहुंची थी। थाने से अजीम नामक युवक की जानकारी लिया लेकिन कोई जानकारी उसकी पुलिस को नहीं मिल पाई। एमपी पुलिस अजीम को पकड़ने यहां पहुंची थी। पुलिस उसके मकान की भी जानकारी जुटाई गई लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। गौरतलब हो कि केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन सट्टा पर प्रतिबंध लगाने के बाद लगातार कार्रवाई जारी है। एमपी पुलिस ने बालाघाट में सटोरियों को पकड़ा था। उसके कनेक्शन भिलाई मिलने के बाद सरगना अजीम को खोजने यहां पहुंची थी।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

### शिशु संरक्षण माह का जिला चिकित्सालय में हुआ शुभारंभ

## 9 महीने से 5 साल तक के 1.67 लाख बच्चों को पिलाएंगे विटामिन ए का घोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

स्वास्थ्य विभाग महीनेभर तक छोटे बच्चों को संरक्षित करने का अभियान चलाएगा। इस अभियान में 9 महीने से लेकर 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। दुर्ग जिले में शिशु संरक्षण माह की शुरूआत शुक्रवार को जिला चिकित्सालय से की गई। जिले के 167044 बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया जाएगा। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला अस्पताल में हर दिन इस माह के अंतर्गत बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।



#### छह महीने तक आईएफए सिरप की दवा भी माताओं को बांटेंगे

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 अगस्त से 30 सितंबर तक शिशु संरक्षण माह चलाया जा रहा है। इसके बाद 6 माह से 5 वर्ष तक के 176870 बच्चों को अगले 6 माह तक सप्ताह में दो बार एक -एक मिलीलीटर की मात्रा पिलाने हेतु आईएफए सिरप की बोतल प्रत्येक हितग्राही को प्रदान की जाएगी। आईएफए सिरफ बच्चों को एनीमिया या खून की कमी से मुक्त रखेगा और भूख बढ़ाने का काम करेगा। इससे बच्चों के पोषण आहार में सुधार कर कुपोषण के बचाव हेतु सहायक भी होगा।

#### कुपोषित बच्चों की खोज भी

जिला मुख्य एवं स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने बताया कि शिशु सरंक्षण माह में विटामिन ए से आँखों, त्वचा के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण विटामिन होने के साथ-साथ बच्चों की रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाकर उनका संक्रामक रोगों से सुरक्षा करता है। इसके साथ ही बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, अति गंभीर कुपोषित बच्चों की खोज कर उन्हें कुपोषण पुनर्वास केंद्र में भी भर्ती कराया जाएगा। गर्भवती महिलाओं की जाँच, टीकाकरण, पोषण आहार की सलाह दी भी दी जानी है।

#### जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में मिलेगी विटामिन ए व आईएफए सिरप

दुर्ग जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में शिशु संरक्षण माह चलेगा। जहां विटामिन ए व आईएफए सिरप दी जाएगी। हर मंगलवार व शुक्रवार को इन सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में विटामिन ए और आईएफए सिरप बच्चों व हितग्राहियों को मिलेगी।


अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप


दुर्ग। जय मां शीतला गणेश उत्सव समिति गांधी चौक ग्राम कोटनी।


दुर्ग। जय मां शीतला गणेश उत्सव समिति शीतला पारा रसमड़ा दुर्ग।

### कांवरियों का किया गया स्वागत



**दुर्ग।** ऋषि पंचमी के पावन पर्व पर पारिवारिक कांवरिया द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवनाथ नदी से जल लेकर छतागढ़ मंदिर में जाते हैं शिव नाथ नदी का जल शंकर जी में चढ़ाते हैं कहां कांवरियों का स्वागत चौक चौराहे पर हर जगह किया जाता है। इसी कड़ी में शिव पर बजरंग चौक में कांवरियों का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में पूर्व पार्षद राजकुमार वर्मा, मीना राजपूत, खुशबू राजपूत, डाली, सरस्वती ढीमर, रीना, शांति यादव, पुष्पा यादव, नीतू, साधना, ममता, ढीमर, किशन सिंह राजपूत, सीखपाल पटेल, राजू सोनी आदि ने कांवरियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।

### सुमईया अर्शी को पीएचडी की दी गई अवार्ड



**भिलाई।** अय्यप्पा नगर निवासी डॉ. सुमईया अर्शी को पीएचडी की उपाधि मिली है। उनके कोलन कैंसर (एंटी कैंसर) शोध पर यह उपाधि प्राप्त की गई। नेशनल एवं इंटरनेशनल जर्नलों में भी उनका लेख प्रकाशित हुआ। यह शोध कार्य डॉ. सुषमा दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. सुमईया अर्शी ने टारो प्लांट अरबी के पत्तों से अध्ययन में पाया गया कि इस पौधे में मौजूद जैव सक्रिय यौगिक कैंसर रोधी गुणों से युक्त है।ॉ कैंसर उपचार में संभावित रूप से उपयोगी हो सकते हैं। उनके इस शोध ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लिए हर्बल चिकित्सा और प्राकृतिक औषधियों की नई संभावनाओं को उजागर किया है। डॉ. सुमैया अर्शी की इस उपलब्धि से न केवल अय्यप्पा नगर और दुर्ग जिले का गौरव बढ़ा है, चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है।

# दो दिन पहले के तूफान से बिगड़ी बिजली, सफाई व्यवस्था आई पटरी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दो दिन पहले आए आंधी-तूफान ने जिले में बिजली आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया।लगभग 71 स्थानों पर पेड़ की शाखाएं बिजली के तारों पर गिरे। 64 बिजली बिजली खंभों को नुकसान पहुंचा। बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया है। 26 अगस्त की रात करीब साढ़े 11 बजे आंधी-तूफान की वजह से दुर्ग रीजन के 133 क्षेत्र के फीडर ट्रिप हो गए थे। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी एवं आउटसोर्स कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। सुधार कार्य शुरू किया गया। उन्होंने लगभग 188 जगहों से एचटी और एलटी लाइनों पर गिरी पेड़ों की शाखाओं को हटाया। इस तूफान में 64 बिजली के खंभे (दो 33 केवी, छः 11 केवी एवं 56 एलटी के खंभे) क्षतिग्रस्त हुए। 750 ट्रांसफार्मरों के डीओ फ्यूज और 908 ट्रांसफार्मरों के एलटी फ्यूज उड़ गए। ऋषभ नगर दुर्ग, रुआबांधा, पुष्प वाटिका, आनंद नगर, आदर्श नगर, नेहरु नगर, डुन्डेरा, सिविल लाइन डी-वन, शिव मंदिर बोरसी, स्मृति नगर भिलाई आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सबसे ज्यादा प्रभावित हुई।

## 71 जगहों पर बिजली तारों पर गिरी पेड़ों की टहनियां, 64 बिजली खंभों को नुकसान

### पहले लाइन चालू की गई, फिर किया गया मेंटेनेंस

पहले सभी 33 केव्ही फीडर्स को सेक्शनलाइज कर अधिकतम क्षेत्र चालू किया गया। उसके बाद फाल्ट दुरुस्त कर शेष लाइन भी शुरू की गई। सभी जोन में डीओ फ्यूज, एलटी फ्यूज बनाने के लिए गैंग बनाकर तथा फ्यूज ऑफ कॉल ठेकेदार से अतिरिक्त गैंग लेकर मेंटेनेंस कराया गया। स्काई लिफ्ट वाहन एवं कर्मचारियों की मदद से लाइनों में गिरे पेड़ों को काटकर हटाने एवं तारों में अटके फ्लेक्स और झंडे को हटाकर लाइन चालू किया गया। 27 अगस्त की सुबह तीन बजे तक काम पूरा कर लिया गया।



### मोर बिजली एप से मिली शिकायतों का निराकरण

बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर मोर बिजली एप में मिली शिकायतों का निराकरण किया। मुक्त नगर बोरसी निवासी सेवानिवृत्त न्यायाधीश मैत्री माथुर ने कहा कि आंधी-तूफान की वजह से हमारे घर के सामने एक बड़ा पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया था, जिससे टूटे हुए तार सड़क पर पड़े थे। इससे राहगीरों को खतरा था। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था से मेंटेनेंस हुआ। उन्होंने कहा कि सफलता तभी मिलती है जब आप कड़ी मेहनत करते हैं। पूरी तरह समर्पित रहते हैं, ऐसे ही लोग हमारे देश को तेजी से प्रगति की ओर ले जा रहे हैं।

### उपभोक्ताओं से की सहयोग की अपील

दुर्ग रीजन के मुख्य अभियंता श्री संजय खंडेलवाल ने जनता से अपील की है कि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं के समय धैर्य रखें। बिजली कर्मियों को सहयोग दें, क्योंकि सुधार तथा आपूर्ति बहाली का कार्य मानवीय श्रम से ही संभव होता है। विद्युत संचालन-संधारण की कार्यदशाओं और विपरीत मौसम में होने वाले जोखिम को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के लिए उनका मनोबल बना रहे। प्राकृतिक आपदाओं से बिजली वितरण प्रणाली पर असर पड़ता है। ऐसे में उपभोक्ताओं का धैर्य ही कर्मियों का मनोबल बनाए रखता है।कड़ी मेहनत करते हैं।

## एमआईसी की बैठक में पेयजल आपूर्ति, बिजली सप्लाई और सफाई पर भड़कीं महापौर

# सफाई पर स्वास्थ्य अधिकारी को लगाई फटकार व्यवस्था सुधारे नहीं तो कार्रवाई का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में लचर सफाई व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को महापौर अल्का बाघमार ने एमआईसी की बैठक में जमकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को जमकर फटकार लगाई। स्पष्ट शब्दों में कहा कि लगातार पार्षदों और शहरवासियों द्वारा शिकायत की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम जब वार्डों में निरीक्षण के लिए जाते हैं, तो सब कुछ सही नजर आता है, लेकिन बाकी समय सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को दो टूक कहा कि निगम में और भी कर्मचारी और अधिकारी हैं, जो काम करने को तैयार हैं। यदि तीन महीने के अंदर व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो उन्हें सोचना पड़ेगा। उन्होंने आधी अधूरी तैयारी के साथ एमआईसी की बैठक में आने वाले अफसरों पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार पूरी तैयारी के साथ बैठक में आएं, अन्यथा उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने उपादान के प्रकरण की लेटलतीफी पर भी नाराजगी जताई।

तत्काल फाइल अपडेट कर प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने का कि छुट्टी के दिन भी काम करें और उपादान का प्रकरण पूरा करें। एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, शिव नायक, शशि साहू, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, गिरीश दीवान, रेवाराम मनु सहित अन्य मौजूद थे।

## नगर निगम के डाटा सेंटर में महापौर परिषद की बैठक में जरूरी मुद्दों पर चर्चा



### तीन सलाहकार वकीलों को रखने का निर्णय

बैठक में तीन सलाहकार वकीलों की नियुक्ति पर भी सहमति बनाई गई है। इसमें दो की नियुक्ति को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं एक वकील को लेकर शहर में निवासरत मंत्री गजेंद्र यादव की अनुमति के बाद अंतिम निर्णय लिए जाने की बात कही गई। बैठक में वार्ड-21 स्थित बुधवारी बाजार में चेकर टाइल्स लगाने को लेकर हुई त्रुटि को भी सुधारा गया। बता दें कि करीब 19.74 लाख की लागत से टाइल्स लगाए गए हैं, लेकिन वार्ड-21 की जगह वार्ड-51 अंकित हो गया था, जिसे सुधारा गया।

### नया बस स्टैंड की 72 दुकानों में अवैध निर्माण, निगम लगाएगा पेनल्टी

बैठक में नया बस स्टैंड स्थित 72 दुकानों का मामला भी सामने आया। निगम ने यह 6-8 फीट की दुकानें आवंटित की है। वर्तमान में इन दुकानों का स्वरूप बदल गया है। ज्यादातर दुकानदारों ने अतिरिक्त निर्माण कर लिया है। जांच में पाया गया कि कई दुकानदारों ने दुकानों के मूल स्वरूप में परिवर्तन कर पीछे की ओर अतिरिक्त निर्माण कर लिया है। एमआईसी ने निर्णय लिया कि कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार प्रीमियम राशि वसूल की जाएगी। मूल स्वरूप में परिवर्तन करने पर अर्थदंड लगाया जाएगा।

### लीकेज पाइपलाइन का हो मेंटेनेंस, लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्टेड, दिए निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने बैठक में साफ शब्दों में कहा कि शहर की पाइपलाइन समस्या हो या निर्माण कार्य, यदि ठेकेदार समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करते तो उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य जनता को समय पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई और बिजली सप्लाई व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कर्मचारी या तो सीधे वार्डों में जाकर प्रकाश व्यवस्था की जांच करें अथवा संबंधित पार्षदों से संपर्क करें। इससे अंधेरे वाले क्षेत्रों की पहचान कर तत्काल सुधार कार्य किया जा सकेगा।

# खिलाड़ी मिले सांसद से खेल दिवस की दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कॉराकुजूबो काई कॉन फुल कॉन्टैक्ट कराते एंड योग एसोसिएशन के डायरेक्टर संसाई गिरी राव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सांसद विजय बघेल से मिला।

इस दौरान उन्हें खेल दिवस की बधाई दी। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में सीनियर ब्लैक बेल्ट, ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक गण एवं संस्था के राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे। विजय बघेल ने खेल से जुड़ी जानकारी ली। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, मनोज नेताम, अनुज दहाते, विधि मिश्रा, काजल बेहरा, रविकांत दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# रुआबांधा में 19.12 लाख से बने डोमशेड का लोकार्पण



**भिलाई।** रिसाली निगम के वार्ड 2 रुआबांधा उत्तर रिसाली स्थित ज्ञानोदय स्कूल गाँधी चौक के पास 19.12 लाख की लागत से निर्मित डोम शेड का दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विधिवत लोकार्पण किया। ललित चंद्राकर ने उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों को विकास कार्य के सफल संपन्न होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही उपस्थित माताओं को पारंपरिक तीजा त्योहार की मंगलकामनाएँ अर्पित करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा, पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल राकेश त्रिपाठी, दशरथ साहू, हीरालाल सिन्हा, विक्रम सिंह, बसंती साहू, राजेश्वरी, कमला टंडन, नारायण राजपूत, सुखीराम साहू, वेदप्रकाश सार्वा, राजू निर्मलकर सहित अन्य मौजूद थे।

# दसलक्षण पर्वः अष्टध्रव्य के साथ विधानमंडल पर मंगल कलश की स्थापना, विधिपूर्वक पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- दिगंबर जैन महासभा सेक्टर-6 का आयोजन



धर्म दिवस पर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म के जयकारा के साथ पंडित विवेक जैन के अमृत वचनों से भक्तों ने शांति धारा किया। भगवानन संभव नाथ, पारसनाथ और आदिनाथ भगवान के मंगल अभिषेक किया गया। पार्श्वनाथ भगवान के गर्भकल्याणक दिवस पर गौरवशाली उपस्थिति के मध्य भक्त महिला और पुरुष पुरुषों ने भक्ति भाव के साथ 10 लक्षण धर्म का पूजन किया गया। जिनेंद्र भगवान के समूह शरण में अष्टध्रव्य के साथ विधानमंडल पर मंगल कलश की स्थापना की गई। उन्हें श्रीफल अर्पण किया गया। पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा सेक्टर 6 के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि 10 लक्षण धर्म दिवस मनाया जा रहा है। इधर पं. विवेक जैन ने कहा कि हम सभी आज उत्तम मारदव धर्म की सीख लें। अपने से छोटे और बड़ों का सम्मान करें। संयम के साथ बगैर किसी राग द्वेष के अपना जीवन का निर्वाह करें। इस अवसर पर प्रमोद, प्रदीप, साधना, अरुण, सुनीता, अक्षत जैन, भारत जैन, कमल जैन, प्रेमचंद सहित अन्य मौजूद थे।

# सुपेला देशी शराब दुकान के पास अवैध अहाता

## प्रतिबंधित प्लास्टिक का हो रहा है उपयोग, नहीं किया गया कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

देशी शराब दुकान सुपेला के पास अवैध रुप से अहाता संचालित हो रहा है। इस पर आबकारी विभाग की सांठगांठ से इंकार नहीं किया जा सकता है। अवैध अहाता को लेकर आबकारी की मेहरबानी दिख रहा है। जबकि यह अहाता करीब दो माह से चल रहा है।

इसे लेकर स्थानीय लोगों ने विभाग तक में शिकायत किया है मगर आज तक अहाता बंद नहीं हो पाया है। सुपेला के इस अवैध अहाता से शाम होते ही शराबियों की भीड़ सड़क तक आ जाती है। जिससे सड़क हादसा होने की संभवना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस अवैध अहाता में पहुंचने वाले शराबियों के कारण आने जाने वाले महिला, युवतियों तक को कई कमेंट सुनना पड़ता है। बावजूज आबकारी विभाग आहता पर मेहरबानी बनी हुई। अवैध अहाते से राजस्व का भी नुकसान होने के बाद भी कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।



शाम ढलते ही अवैध अहाते में शराबियों की इतनी भीड़ हो जाती है आने जाने वालों से कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो जाया करती है। आहते में शराबी बेखौफ होकर शराब पीते को आसामी से देखा जा सकता है। सुपेला के देशी शराब दुकान के सामने चल रहे अवैध अहाते से आसपास के लोग भी खासे परेशान हो रहें है। दिन भर शराब के नशे में लोगों का आना जाना चला रहता है। लोगों की समझाइश के बाद भी अवैध अहाता चलाने वाले पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

### रोज लगता है जाम

सुपेला सड़क से लगे अवैध अहाते को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। अवैध अहाते के कारण सड़क पर रोज जाम लगती है। आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मगर न पुलिस, निगम और न ही ट्रैफिक कार्रवाई करती है। ये सभी विभाग बडे हादसा होने का इंतजार कर रहें है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंत्री गजेंद्र ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# दुर्ग की बदलेगी तस्वीर, खिलाड़ी बनाएंगे विश्व स्तर पर पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- खेल दिवस पर यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजन

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शुक्रवार को खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर विशेष रूप से मौजूद थे। यादव ने विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रतिदिन किसी न किसी खेल गतिविधि में सहभागी बनने की अपील की। यादव ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को पूरे देश में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी साझा की।

### प्रतिभाओं को उपलब्ध करा रहे संसाधन

गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग जिले में खेल प्रतिभाओं के लिए निरंतर आधारभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम को बीसीसीआई द्वारा दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण पूर्ण हो गया है। जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। स्टेशन रोड में स्वीमिंग पूल का निर्माण कराया जा रहा है। नयापारा में अत्याधुनिक जिम प्रस्तावित है। नाना नानी पार्क के पास जॉगिंग ट्रैक भी तैयार होने वाला है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सुविधाओं के माध्यम से दुर्ग जिले के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।





### यूनिवर्सिटी के 34 खिलाड़ी सम्मानित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के 34 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओं में विजेता होने पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में साइंस कॉलेज के प्रतिनिधि शिवेंद्र परिहार, पार्षद अरुण सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, पूर्व कुलपति एनपी दीक्षित, साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## बिजनेस साइट

# डायनेमिक मार्केट में थीमैटिक म्यूचुअल फंड की ताकत की पहचान जरूरी


प्रवीण कुमार मिश्रा एवं आशीष ओझा
डायरेक्टर्स, फर्स्ट चेंज फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड, भिलाई

**भिलाई।** ट्रेंड्स, हर जगह हैं, चाहे फैशन, फूड, यात्रा या कल्चर के सेक्टर में। निवेश की दुनिया भी इससे अलग नहीं है। और जिस तरह लाइफस्टाइल के ट्रेंड्स बदलते रहते हैं, उसी तरह निवेश के रुझान भी उभरते, विकसित और फीके पड़ते हैं। इसलिए इन बदलावों पर सक्रिय रूप से नजर रखना और एक रणनीतिक, भावनात्मक दृष्टिकोण के साथ उनमें शामिल होना और उनसे बाहर निकलना, अवसरों को भुनाने और पीछे छूटने से बचने का मूलमंत्र हो सकता है। लेकिन ट्रेंड्स या थीम्स में निवेश करते समय, ज्यादातर रिटेल निवेशकों को लालच या डर जैसी भावनाओं को नियंत्रित करना मुश्किल लगता है, खासकर बाजार के चरम पर होने के समय। वे या तो बहुत लंबे समय तक निवेशित रहते हैं या बहुत देर से निवेश करते हैं। उदाहरण के लिए, 1990 के दशक के अंत में, टेक्नोलॉजी और इंटरनेट शेयरों का रुझान था। निवेशक इस सेक्टर में तेजी से आए और उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ।

लेकिन जैसे-जैसे ज्यादा पैसा आया, मूल्यांकन बुनियादी बातों से आगे निकल गए। हालांकि, निवेशकों की गलतफहमी या ज्यादा रिटर्न के लालच ने उन्हें निवेशित रखा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब डॉट-कॉम का बुलबुला फटा, तो निवेशकों को भारी नुकसान हुआ। दूसरी ओर, जब 2013 में टेपर का दौर शुरू हुआ, तो बाजार में तेज गिरावट और उससे उपजे डर ने निवेशकों को बाजारों से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया। विदेशी मुद्रा के लगातार भारत में आने से भारतीय रुपये में मजबूती आई, लेकिन इसने फार्मास्यूटिकल्स और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे निर्यात-आधारित सेक्टर्स में निवेश के अवसर भी प्रदान किए।

थीम्स में निवेश करते समय भावनाओं में बह जाने से बचने का एक तरीका थीमैटिक म्यूचुअल फंड में निवेश करना है। ये फंड उन बिजनेसेज में निवेश करते हैं जो खास, अत्याधिक विश्वास वाले रुझानों या थीम से जुड़े होते हैं जिनके निकट से मध्यम अवधि में प्रभावी होने की उम्मीद होती है। थीमैटिक म्यूचुअल फंड प्रोफेशनल तौर से फंड मैनेजरों द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं जो लगातार बदलते बाजार की मोबिलिटी पर रिसर्च और निगरानी करते हैं। वे अनुशासित, आंकड़ों पर आधारित निवेश निर्णय लेते हैं, जो भय और लालच जैसे भावनात्मक पूर्वाग्रहों से मुक्त होते हैं और इस प्रकार जोखिम और रिटर्न को अधिकतम करते हैं। विभिन्न सेक्टर्स और निवेश थीम्स में आशाजनक अवसरों की तलाश करने वाले निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) पर विचार कर सकते हैं। यह फंड ऑफ फंड्स रणनीतिक रूप से स्पेशलाइज्ड सेक्टोरल और थीमैटिक फंडों के पोर्टफोलियो में निवेश करता है। 30 जुलाई, 2025 तक, इस फंड ऑफ फंड्स ने एक साल में 8.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। लंबी अवधि में, इसने तीन वर्षों में 20.68 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) और पांच वर्षों में 26.08 प्रतिशत की प्रभावशाली दर के साथ मजबूत प्रदर्शन किया है।

## खबर संक्षेप



### केबिनेट मंत्री गजेन्द्र का किया अभिनंदन

**दुर्ग।** दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव को विष्णुदेव साय सरकार में केबिनेट मंत्री बनाये जाने पर छतीसगढ़ जन कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों ने उनसे मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर छतीसगढ़ जन कल्याण संस्थान के प्रदेश संयोजक रामकृष्ण यादव, प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी बांधे, जिला संयोजक दिलीप पटेल, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, प्रदेश सचिव तिरथ साहू और प्रदेश प्रवक्ता हितेन्द्र देवांगन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ. प्रज्ञा को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान के लिए चयन होने पर दी बधाई

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ दुर्ग जिला में कोषाध्यक्ष व राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक डॉ.प्रज्ञा सिंह



को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान 2025 के लिए चयन होने पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि डॉ. प्रज्ञा ने हनोदा में गणित लैब बनाकर सभी का दिल जीत लिया है। शिकसा परिवार से प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ बोधीराम साहू, उपाध्यक्ष प्रीति चन्द्र मल्लिका व हर्षा देवांगन, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, मीडिया प्रभारी गोपाल धुव, महिला प्रांताध्यक्ष नीता त्रिपाठी, उपाध्यक्ष ज्योति सक्सेना आदि ने बधाई दी है।

## निधन

### घट्टा सूर्य प्रकाश राव

**भिलाई।** एमआईजी-10, आदित्य



नगर निवासी घट्टा सूर्य प्रकाश राव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 अगस्त को सुबह 9 बजे हरनाबांधा में किया जाएगा। वे घट्टा प्रभाकर राव, घट्टा मोहन राजू, घट्टा प्रवीण कुमार, राजकुमारी एवं प्रतिमा के पिता थे।

### बेना बंछोर

**भिलाई।** ग्राम देमार (पाटन)



निवासी बेना बंछोर 95 वर्ष पति स्व. नाथूराम बंछोर का निधन 27 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. चेतन लाल बंछोर, ईश्वरी लाल बंछोर, श्यामा बंछोर, देवकी वर्मा की मां एवं दिप्ती बंछोर की सास थीं।

### मंजुला बेन परमार

**भिलाई।** मंजुला बेन परमार उम्र 90 वर्ष का निधन 29 अगस्त को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अगस्त को निवास स्थान एचआईजी-47 पद्मनाभपुर दुर्ग से 10 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विनोद परमार एवं प्रवीण परमार की मां थीं।

### जनदर्शन ऑनलाइन साइट में नहीं दर्ज है किसानों का आवेदन, ग्रामीणों में आक्रोश

# शराब दुकान के विरुद्ध ग्रामीण लामबंद कलेक्टर से बात करने 2 सितंबर को कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

अछोली ग्राम में शराब दुकान खोलने के विरुद्ध लगातार किसानों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। इस मामले में जिला प्रशासन कलेक्टर कार्यालय को तकरीबन 300 किसानों ने मुलाकात की थी। जिसमें किसानों ने जनदर्शन के माध्यम से आवेदन दिया था। तब कलेक्टर द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया कि मामले की जांच करके कार्यवाही करेंगे।अब इस मामले में जांच भी हो गई है।

ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच सहित मामले में कई लोगों की गवाही भी दर्ज कर ली गई है। पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा के कार्यालय में इस मामले में बयान दर्ज किया गया फिर जनपद पंचायत धमधा में इस मामले में बयान दर्ज किया गया । बावजूद आज लगभग 2 माह बीत गए जिला प्रशासन आज तक फैसला लेने में विलम्ब कर रहा है। जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए किसानों ने जनदर्शन ऑनलाइन साइट में आवेदन की स्थिति जानना चाहा और उसमें अपने आवेदन क्रमांक 2100225002825 एवं सुरक्षा नंबर 144 दर्ज किया तो किसी भी प्रकार का आवेदन दर्ज न होने का ऑनलाइन पोर्टल में दर्शाया गया। किसानों का कहना है कि यह एक आम आदमी के मौलिक अधिकारों का हनन है और जिला प्रशासन की एक बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है। अब किसान इस मामले में कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके है।

#### ग्रामीणों की शिकायत पर अब तक नहीं हुई जांच




पहले धमधा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में ज्ञापन,बस स्टैंड धमधा में धरना प्रदर्शन और जिले में बड़े रूप में प्रदर्शन कर चुके है। बावजूद जिला प्रशासन का किसानों के प्रति उदासीन रवैया दिखा रहा है। जिससे किसान संगठन आस पास में 15 गांव के ग्रामीण जन इस बात से आक्रोशित हैं और भी अनशन करने की बात कह रहे है। इस पूरे मसले पर किसान बंधु संगठन की बैठक बाबा टेकसिह चंदेल किसान नेता की नेतृत्व में की गई। जिसमें सभी किसानों ने आगामी मंगलवार 2 सितंबर को कलेक्टर से मिलने और मार्गदर्शन लेने तथा अनशन की चेतावनी देने की बात कही है। किसानों का कहना है कि आबकारी विभाग को पंचायत के फर्जी प्रस्ताव के आधार पर शराब दुकान खोलने का निविदा जारी की गई थी। इसमें प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी जिसमें प्रस्ताव फर्जी होने का दस्तावेज प्रस्तुत करने की बात किसानों ने कही है। इस मौके पर किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल,आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक, ढालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल,मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, नैन बाई सरपंच अछोली, रुंगू वर्मा सरपंच ठेलका,लेखराम वर्मा,देवेंद्र वर्मा,सतीश सिन्हा पूर्व सरपंच,गोली नेताम,भवानी सिन्हा,परमेश्वर साहू,हेमचंद साहू,संतोष वर्मा,पोषण वर्मा,सुखी वर्मा,नूतन साहू,प्रहलाद वर्मा,संतोष राजपूत, दुबासी चंदेल,दादू शर्मा, पेखन यादव और सोमा यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

#### जानिए, आखिर क्या है पूरा मामला...

आबकारी विभाग ने एक निविदा जारी कर ग्राम पंचायत अछोली में शराब दुकान खोलने पर निविदा आमंत्रण किए जाने का प्रकाशन किया गया। आम किसान और ग्रामीणजन इस प्रकाशन से आहत होकर सरपंच से पूछताछ की तो सरपंच ने किसी तरह की अनुमति या प्रस्ताव देने से इनकार किया। आरोप है कि सरपंच की बिना जानकारी के सचिव ने फर्जी प्रस्ताव पारित कर दिया गया था अब उसी फर्जी प्रस्ताव के आधार धर पर विभाग शराब दुकान खोलने पर उतारू है। इधर सरपंच ने एक नया प्रस्ताव पारित किया है जिसमें शराब दुकान नहीं खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसे दुर्ग कलेक्टर को सौंप दिया गया है। बहरहाल इस मामले में किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल सहित सैकड़ों लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कलेक्टर ने जांच भी करवा ली है। वही सचिव गीता गायकवाड सचित को हटा भी दिया गया है। उसकी जगह नए सचिव ने पंचायत का रिकॉर्ड भी जांच दल को प्रस्तुत किया है जिसमें साफ नजर आ रहा है कि पंचायत में शराब दुकान खोलने पर ना तो विचार किया ना ही प्रस्ताव किया गया। अब किसानों को केवल प्रशासन के निविदा निरस्त आदेश का इंतजार है।

## पूर्व गृहमंत्री साहू की पत्नी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे बघेल सहित प्रदेश भर के कांग्रेसी व अन्य लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी कमलादेवी साहू का वार्षिक श्राद्ध बरसी एवं शांति भोज कार्यक्रम उनके गृहग्राम पाऊवारा रखा गया। स्व.कमला देवी साहू को श्रद्धांजलि देने प्रदेश भर के मंत्री, पूर्व मंत्री सहित विधायक गण व अन्य लोग पहुंचे। इस अवसर पूर्व

- केबिनेट मंत्री और कई विधायक भी पहुंचे श्रद्धांजलि देने साहू निवास





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व मंत्रीगण रविंद्र चौबे, मोहम्मद अकबर, शिव डहरिया, गुरु दयाल दास, अनिला भेड़िया, विधायक गुंडरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक रायपुर मोती लाल साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक, खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक बिंद्रा नवागांढ़ जनक धुर्वे, विधायक सरायपाली चातुरी नंद, विधायक धमतरी ओमकार साहू, विधायक बालोद संगीता सिन्हा, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, अध्यक्ष केशशिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, गौ सेवक महंत राम सुंदर दास, जिला अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी,शशि कला गायकवाड़, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व विधायक बी. डी. कुरैशी, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, विपिन साहू, चित्रलेखा साहू, पूर्व अध्यक्ष टहल सिंह साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकश साहू, जिला अध्यक्ष दुर्ग नंद कुमार साहू, रमेश साहू, यतीश साहू, संदीप साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आर. एन वर्मा, पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार, कमल नारायण रूँगटा, मोना सेन, प्रेम लता साहू, हेमा देशमुख, तारिणी चन्द्रकार, रश्मि चंद्रकार,युवराज साहू, दुष्यंत देवांगन, कैलाश नहाटा, पुसऊ राम साहू, उमसंकर साहू, जगदीश दीपक साहू, रिवेन्द्र यादव, अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकार जनपद सदस्य झमित गायकवाड़,जनपद , सरपंच पाऊवारा मीना यादव, राजेश साहु ,दीपक यादव ,हरदेव साहु, दिलीप साहु,संदीप वोरा, सनीर साहू, चंद्रकांत कोरे, जगदीश दीपक साहू,दिवाकर गायकवाड़,धर्मेंद्र बंजारे,विकास चंद्राकर, चुन्नीलाल चन्द्रकार, तुलसी देशमुख, रुपेश देशमुख,मुकुंद परकार,जमावंत गजपाल,मोंटू तिवारी, विनोद गुप्ता, राजेन्द्र ठाकुर, हरेंद्र धृतलहरे, राजेश शर्मा, डॉ प्रहलाद वर्मा, द्वारिका साहू, लालजी गुप्ता और मोंटू तिवारी,प्रसन्ना टांक और सरिता साहू आदि उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर व शौर्य रक्तवीर सम्मान समारोह कल

**उतई।** शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोड़िया एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर एवं शौर्य रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन 31 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। यह आयोजन शौर्य युवा संगठन के सचिव एवं रूंगटा कॉलेज के सहायक प्राध्यापक आदित्य भारद्वाज और ग्राम पंचायत कातरो के सरपंच एवं संगठन के संस्थापक जीतेन्द्र सोनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रखा गया है। शौर्य युवा संगठन के मीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज ने बताया कि जिले के अस्पतालों में अक्सर रक्त की कमी बनी रहती है और समय पर रक्तदाता उपलब्ध नहीं हो पाते, जिससे मरीजों को कठिनाई होती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर का संचालन माय भारत दुर्ग के मार्गदर्शन तथा सेवक जन फाउंडेशन व आशीर्वाद ब्लड बैंक, नेहरू नगर भिलाई के सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार कोड़िया, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना दुर्ग सहित क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संस्था भी सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे।

## धमधा क्षेत्र में अवैध गांजा-शराब बिक्री चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

पूरे दुर्ग जिले में इन दिनों पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग एवं जिला कप्तान विजय अग्रवाल के नेतृत्व में दुर्ग पुलिस के द्वारा ऑपरेशन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। वहीं धमधा में धमधा क्षेत्र में अवैध गांजा-शराब बिक्री चरम पर है। धमधा थाना इलाके के ग्राम देवरी एवं अन्य जगहों से दबिश दे कर साइबर सेल टीम ने देवरी में एक महिला सुकृता के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया वही थाने से महज 1 किलोमीटर में पुलिस ने जब सिरनाभाठा नर्सरी के पास कार (सीजी 07



जेडजी 8111) से गांजा जब्त किया, तो उसका चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मुख्य सरगना पिछले चार दिन से फरार बताया जा रहा है जिसे धमधा पुलिस खोजने में नाकाम दिखाई दे रही हैं।

## डबल इंजन की सरकार में मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही ग्रामीण जनता : दामिनी

**अंडा।** ग्राम भोथली से तिरगा रोड और भोथली से खुर्सीपार होते हुए निकुम पहुंच मार्ग बेहद जर्जर हो चुका है। जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने बताया कि भाजपा की इस डबल इंजन की सरकार में जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है खास करके ग्रामीण क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं बिजली सड़क के लिए तरस रही है बिजली के बढ़ते दामों से और उसके बाद साय-साय बिजली गुल होने से जनता पहले से परेशान है। उसके बाद अब लोगो का सड़क में चलना भी मुश्किल हो चुका है। ग्राम भोथली से तिरगा रोड और भोथली से खुर्सीपार होते हुए निकुम पहुंच



मार्ग इतना जर्जर हो चुका है कि लोगो के साथ साथ स्कूली बच्चों का इस रोड से गुजरना मुसीबत से कम नहीं है साथ ही साथ ग्राम खांडा से निकुम पहुंच मार्ग में तो पाई के साथ आधी सड़क ही गायब हो चुकी है। इसके बाबजूद शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों में किसी को ध्यान नहीं है। जर्जर सड़क में किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इन सब सड़क के बारे में सुशासन तिहार से लेकर छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मंत्री तक को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व




पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पाहंदा में मनी बलराम जयंती, किसानों को दी गई खेती से जुड़ी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में शुक्रवार को भगवान बलराम जयंती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान बलराम एवं प्रतीक हल एवं मूसल की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें वर्तमान परिस्थितियों में प्राकृतिक खेती की ओर कैसे जाया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। प्राकृतिक खेती में लागत घटाकर अधिक मुनाफा संभव है। इसके लिये स्वयं के खेतों पर उपलब्ध संसाधनों का कैसे उपयोग किया जाए। इस पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा दुर्ग के प्रमुख डॉ. विजय जैन ने विस्तृत में प्रकाश डाला। किसान संघ के सदस्य लोकेन्द्र बंछोर ने किसानों के लिए भगवान बलराम जयंती की प्रासंगिकता को विस्तृत में किसानों के मध्य रखा प्रथम बार हल का खेती में और यमुना से जल खेतों तक लाने में भगवान बलराम की भूमिका से अवगत किया। उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई ने प्राकृतिक खेती में शासन द्वारा दिये जाने वाली विभिन्न



सुविधाओं से किसानों को अवगत किया। इस अवसर पर उप संचालक उद्यानिकी एनएस लावत्रे ने जिले के किसानों को उद्यानिकी की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने के लिये आव्हान किया। दूसरे चरण में तिलहनी फसलों पर विशेषकर सोयाबीन, सरसों, तिल आदि फसलों के उत्पादन तकनीक पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता से किसान की आमदनी बढ़ेगी और देश का तेल आयात कम होगा। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉ. ईश्वरी कुमार, डॉ. कमल नारायण, डॉ. विनय कुमार नायक, मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## गणेशोत्सव की धूम




**अंडा।** अण्डा बस्ती पारा में स्थापित भगवान गणेश।



**निकुम।** संगम चौक गणेशोत्सव निकुम।



**जामगांव आर।** सशिमं उमा विद्यालय जामगांव आर में स्थापित भगवान गणपति।



**भिलाई।** सेक्टर 4 स्ट्रीट नंबर 27 बोरिया फ्रेंड्स क्लब गणेश उत्सव समिति।



**जामगांव आर।** बाल गणेश उत्सव समिति आजाद चौक बटरेल



**पाटन।** युवा गणेशोत्सव समिति आजाद चौक पाटन वार्ड 8

**खबर संक्षेप**

## निगम के चार जोन में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**भिलाई।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर भिलाई निगम ने सभी जोन में खेलकूद का आयोजन किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई। मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए खेल में अपनी रूचि रखने वाले जोन क्रमांक एक के भेलवा तालाब में युवाओं, जोन क्रंमांक 2 अंतर्गत के स्कूली बच्चों, जोन क्रमांक 3 के 18 नंबर रोड के सुभाष चौंक के पास स्कूली बच्चों, जोन 4 शासकीय उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों एवं जोन 5 अंतर्गत सेक्टर 4 स्कूल के बच्चों के साथ विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। खेल के माध्यम से जन जागरूकता लाने एवं खेल को बढ़ावा देने के उददेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों को शपथ दिलाते हुए पुरूस्कार वितरण किया गया। ताकि भविष्य में इन्ही खिलाड़ियो में से कोई भारत के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रौशन करें।

## महिला पेशेवरों को सशक्त बनाने का दिया मंत्र

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा महिला कर्मचारियों के लिए शक्ति आन्या लीडरशिप कैस्केडिंग कार्यक्रम के तहत अर्ध-दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया। सहायक महाप्रबंध विनीता वर्मा ने सारांश प्रस्तुत किया। महाप्रबंधक सिम्मी गोस्वामी, सहायक महाप्रबंधक प्रभा, सहायक महाप्रबंधक राखी तिवारी तथा सहायक महाप्रबंधक विनीता वर्मा ने महिला कर्मचारियों को अपने करियर विषय पर टिप्स दिए। प्रश्नोत्तरी भी हुआ। सिम्मी गोस्वामी द्वारा स्टैंड टाल, स्पीक टू आत्म-जागरूकता की शक्ति से हुई, इसके बाद सुश्री प्रभा ने नेविगेटिंग चेंज कार्य की माँगों और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन" विषय पर अपने विचार साझा किए। तीसरे सत्र में विनिता ने द रिवोल्युनशरी पाथ टू बिग चेंज छोटे-छोटे आदतों से बड़ा बदलाव पर राखी तिवारी ने फ्रॉम पैसिव टू पॉवरफुल आत्म-पक्षधरता और नेटवर्किंग की भूमिका पर विचार व्यक्त किए ।

## ओए करेगा सेवानिवृत्त अफसरों का सम्मान

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अगस्त माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इस माह 10 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में जीतेन्द्र मोहन पलैया, जीएम, सुबिद कुमार डे, जीएम इंचार्ज, डॉ गिरीश उमरेडकर, एडिशनल सीएमओ जयन्त कुमार घोष, एजीएम निरंजन मधुकर मुले, एजीएम रवि विक्रम अग्रवाल, सीनियर मैनेजर के श्रीरंगा, सीनियर मैनेजर राजेंद्र कुमार सिंह, मैनेजर ब्रिजेश कुमार अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर चंद्रकांत गुप्ता, असिस्टेंट मैनेजर शामिल हैं।

## वार्षिक आमसभा 16 को

**भिलाई।** ओए-बीएसपी की कार्यकारिणी की बैठक में वार्षिक आमसभा प्रगति भवन में 16 सितंबर को शाम 6 बजे आयोजित करने का निर्णय लिया।

# मैत्रीबाग का म्यूजिकल फाउंटेन वर्षों से बंद, नहीं मिल रहे सालों से पार्ट्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मैत्रीबाग में मनोरंजन का प्रमुख संसाधन म्यूजिकल फाउंटेन वर्षों से बिगड़ा पड़ा है। देश में बैंगलुरु के इंदिरा गांधी गार्डन के बाद देश के दूसरे सबसे अनूठे लाखों के इस संगीतमय रंगीन फौव्वारे के बंद होने से पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है वहीं मैत्रीबाग को भी अब तक टिकट के रुप में हजारों रुपए की आय का फटका लग चुका है। शहर के सैलानियों ने प्रबंधन से इस खूबसूरत फाउंटेन को जल्द रिपेयर कर चालू करवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई में बीएसपी का मैत्रीबाग चिड़ियाघर प्रदेश का सबसे पुराना और बड़ा जू ही नहीं बल्कि यहां मनोरंजन के कई साधन हैं। वन्य प्राणियों के रूप में प्रसिद्ध मैत्रीबाग में वर्ष 2000 में उस समय मनोरंजन का नया अध्याय जुड़ा, जब यहां बीएसपी द्वारा मोहक रंगीन म्यूजिकल फाउंटेन लगाया गया। तब मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा बताया गया था कि यह संगीतमय फौव्वारा बैंगलौर म्यूजिकल फाउंटेन के बाद भारत का दूसरा सबसे यूनिक फाउंटेन है।

इसका खूबसूरत नजारा लेने भिलाई दुर्ग ही नहीं बल्कि दूरदराज से भी मैत्रीबाग आते थे। खुशनुमा शाम को आसमान पर बिखरी चांदनी के बीच सुरीली धुनों पर थिरकती खूबसूरत सतरंगी फुहारों को देख पर्यटक मन्त्रमुग्ध हो जाते थे। लेकिन दस बारह साल चलने के बाद यह आकर्षक फाउंटेन मेंटेनेंस मांगने लगा। इस दौरान बिगड़ने के कारण महीनों बंद रहा और कई बार रिपेयर भी किया गया।

लेकिन पिछले करीबन दस साल से यह म्यूजिकल फाउंटेन बंद पड़ा है बल्कि कबाड़ की तरह हो गया है। इसके चलते रोजाना मैत्रीबाग आने वाले सैलानियों की इसके रोमांचक दीदार से वंचित होना पड़ रहा है। मैत्रीबाग आए पर्यटकों ने बताया कि म्यूजिक फाउंटेन को देखे बिन मैत्रीबाग का विजिट अधूरा लगता है। इसे जल्द रिपेयर करने से लोगों का मनोरंजन व मैत्रीबाग की भी आय बढ़ेगी।

## 10 साल से मैत्री बाग आने वाले पर्यटक हो रहे मायूस



### नहीं मिलते हैं पुराने पार्ट्स

मैत्रीबाग में म्यूजिकल फाउंटेन का शो हफ्ते में दो दिन गुरुवार और शनिवार को शाम 6 बजे से होता था। खूबसूरत बोटिंग झील के किनारे फाउंटेन गैलरी दर्शकों से खचाखच भरी होती थी। टिकट उस समय 10 रुपए था। मधुर फिल्मी गीतों की धुन पर नाचती फुहारों को देख बच्चों व बड़ों का रोमांच देखते ही बनता था। यह इतना आकर्षक था कि बीएसपी के इस्पात मंत्री व सेल चेयरमेन आदि के लिए भी होने वाले खास शो में मैत्रीबाग के स्टाफ की प्रशंसा करते थे। सूत्रों के मुताबिक लंबे समय से बंद फाउंटेन के मोटर व जनरेटर आदि खराब हो चुके हैं। कई पुराने पार्ट्स अब बाजार में नहीं मिलते हैं।

## बैठक : महापौर परिषद ने विभिन्न विकास कार्यों को दी मंजूरी

# जलशोधन संयंत्र में सोलर प्लांट, राइजिंग पाइप लाइन बिछेगी, जेटिंग मशीन का लगेगा किराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई निगम महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से 11 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट स्थापित करने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों से मंजूरी दी।

एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों का पृथक्करण एवं सामग्री खरीदेंगे। हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया तय करेंगे। अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, सक्शन कम जेटिंग मशीन का किराया निर्धारण, जलकर, संपवेल, पंप हाउस एवं राइजिंग पाईप लाईन जैसे विषयों का शामिल किया गया।




### खाद तैयार करेंगी स्वच्छता दीदी

एमआईसी में निर्णय लिया गया कि स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद तैयार किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु सामग्री क्रय किये जाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों ने विचार करते हुए सहमति दी। गोकुल नगर कुरूद के पास जामुल स्थित शेष अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य को कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया।

### अंडरब्रिज से हटा सोलर प्लांट

एमआईसी ने चंद्रा मोर्या अंडरब्रिज के पास आफग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य को परिर्वतन कर दिया है। अब यह 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में लगेगा। हाइड्रोलिक एलिवेटर एवं सक्शन कम जेटिंग मशीन को किराया निर्धारण करने पर विचार करते हुए सहमती प्रदान किया गया। नगर निगम भिलाई के 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने हेतु सदस्यों ने मंजूदी प्रदान की। महापौर परिषद की बैठक महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा आदि उपस्थित थे।

**इंदौर स्वच्छता मॉडल को भिलाई में उतारने की तैयारी**

## शहर में नहीं लगेंगे राजनैतिक दलों के बैनर-पोस्टर कचरा फेंकने पर बड़ा जुर्माना, जनभागीदारी जरूरी

इंदौर के स्वच्छता मॉडल को भिलाई में उतारने की तैयारी है। इसके लिए, डोर- टू-डोर कचरा कलेक्शन को 100 प्रतिशत किया जाएगा। राजनैतिक दलों के बैनर-पोस्टर से शहरी की सुंदरता बिगड़ती है इसलिए उनसे आग्रह किया जाएगा कि वे जन्मदिन आदि में उस राशि का खर्च किसी अच्छे कार्य में लगा दें। सब्जी मंडी या बाजार में कचरा फेंकने वालों को पहले समझाइश दी जाएगी और उसके बाद बड़ा जुर्माना लगेगा। महापौर नीरज पाल की टीम ने हाल ही में इंदौर स्वच्छता मॉडल का अध्ययन करने के बाद यहां भी सफाई व्यवस्था बेहतर करने का प्लान बनाया है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू सहित अध्ययनदलों से रायशुमारी के बाद इस कार्ययोजना को भिलाई में शुरूआत की जा रही है। इंदौर की पहचान आज देशभर में स्वच्छता के लिए होती है और लगातार सात बार देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। महापौर ने कहा कि भिलाई भी उसी दिशा में आगे बढ़ेगा।

### वाहनों की संख्या बढ़ेगी

प्लान के मुताबिक सबसे पहले शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को 100 प्रतिशत किया जाएगा। हर घर से समय पर कचरा उठे, इसके लिए गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी और मॉनिटरिंग व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही नागरिकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा, ताकि लोग गाड़ियों को देखकर अपना कचरा दें। खुले में न फेंके।

### कचरे से गैस प्रोसेसिंग प्लांट

प्लान में कहा गया है कि कचरे से खाद और गैस बनाने के लिए प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जाएंगे। इससे जहां एक ओर कचरे का निपटान वैज्ञानिक ढंग से होगा, वहीं दूसरी ओर गैस और खाद से अतिरिक्त आय भी होगी। शहर की गंदगी कचरे में बदलकर आमदनी का जरिया बनेगी। शहरवासियों को डस्टबिन बांटे जाएंगे।

### तकनीकी मदद मिलेगा इंदौर से

महापौर पाल ने बताया कि नगर निगम पार्षदों और अधिकारियों ने इंदौर में देखी गई हर अच्छी व्यवस्था को नोट किया है। वहां की टीम से भी भिलाई को हरसंभव तकनीकी मदद देने की बात कही गई है। कई सवालों के जवाब में महापौर पाल ने कहा कि शहर हम सब का है। इसलिए इसे स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदीरी बहुत जरूरी है। जिससे भिलाई भी आने वाले दिनों में स्वच्छता की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन करे।

## आठ सटोरियों पर कार्रवाई 27 हजार 230 रुपए जब्त



**भिलाई।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सट्टा का कारोबार कर रहे आठ सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेवई पुलिस ने टंकी मरोदा नेवई निवासी भगवान नायक, सुपेला पुलिस ने मछली मार्केट से चिंगरी पारा विशाल साहनी, इंदिरा नगर सुपेला निजामुद्दीन अंसारी, मोहन नगर पुलिस ने सिकोसा बस्ती योगेश मरकाम, बजरंग पारा तुलेश बघेल उर्फ मोटू, भिलाई पुलिस ने रुआबाँधा तालाब के पास से रुआबांधा के जितेंद्र यादव, अमित साव, ललित यादवको पकड़ा है। सटोरियों के पास से पुलिस ने कुल 27 हजार 230 रुपए सट्टा पट्टी, कलम जब्त किया है। गौरतलब हो कि ये सभी सटोरिया लंबे समय से सट्टा का कारोबार चला रहे थे। पुलिस को भनक लगते ही घेराबंदी कर सटोरियों को पकड़ा है। ग्रामीण थाना क्षेत्रों में सट्टा का बड़ा लकारोबार संचालित है। पुलिस उसे लेकर अभियान चला नहीं पाई है।

## अमानत में खयानत करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** अमानत में खयानात करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जवाहर नगर दुर्ग निवासी अनिरूद्ध ताम्रकार के साथ आरोपी आकाश शर्मा के प्रवंचना कर अधिक लाभ के लालच में देकर खाते में विभिन्न अवसर पर 28 दिसंबर 2021 से 5 सितंबर 2022 के बीच आरोपी आकाश शर्मा ने पीड़ित के रकम अपने खाते में ट्रांसफर कराया। आरोपी ने न्यूट्रिशियन कंपनियों को राशि का भुगतान नहीं किया। पीड़ित से 25.52 लाख रूपये छलपूर्वक गबन किया। पुलिस ने आरोपी आकाश शर्मा को पकड़ा और पूछताछ पर घटना करना स्वीकार किया। नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर का योगदान रहा।

# एमआरडी के डीआईसी में सुरक्षा मित्र पहल शुरू



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विभागीय कार्यान्वयन समिति (डीआईसी-25), एमआरडी) औप सीबीडी), उत्पादन योजना एवं नियंत्रण विभाग द्वारा ठेका श्रमिकों की कार्यस्थल सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने हेतु "सुरक्षा मित्र" नामक विशेष पहल शुरु किया गया।

विभागीय कार्यान्वयन समिति के लीडर व सीजीएम तुषार कांत ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रतिबद्ध ठेका श्रमिकों को बदलाव का माध्यम बनाना तथा उन्हें कार्यस्थल की सुरक्षा व्यवस्था सुधारने में प्रत्यक्ष रूप से शामिल करना है। सुशील कुमार ने एमआरडी में यह कार्यक्रम शुरु किया। सुरक्षा मित्र बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि कहा कि सुरक्षा मित्र पहल जमीनी स्तर पर संचालित सुरक्षा संस्कृति के निर्माण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। शून्य दुर्घटना की परिकल्पना को साकार करने तथा सभी परिचालनों में सुरक्षा संस्कृति को आत्मसात करने की पहल है।

## सेल को मिला स्कोप एमिनेंस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल को साल 2022-23 के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्र में शानदार काम करने के लिए स्कोप एमिनेंस अवार्ड्स सम्मानित किया गया है। पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को दिल्ली में स्कोप द्वारा आयोजित समारोह दिया। किया। मनीष राज गुप्ता, निदेशक सेल ने ग्रहण किया।

सेल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी अनुसंधान एवं विकास टीमों द्वारा उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास और सेल में नवाचार और प्रचलन के बीच गहरे तालमेल को दर्शाता है। यह एक ऐसे फ्यूचर-रेडी इस्पात उद्योग के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो जो भारत की जरूरतों को पूरा कर सके और दुनिया भर में मुकाबला कर सके।

# समिति ने दी संपत्ति कर की दरें यथावत रखने की सलाह



**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित भवनों व भूमियों के स्व-निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सीजू एन्थोनी सदस्य, राजस्व सलाहकार की अध्यक्षता में समिति के समक्ष प्रस्ताव संपत्तिकर विभाग द्वारा प्रस्तुत किया। जिसमें पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 की भांति कर योग्य संपत्तिकर की दरें यथावत रखे जाने का सलाहकार समिति द्वारा प्रकरण महापौर परिषद् के समक्ष रखे जाने हेतु पारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कलेक्टर गाईड लाईन में भूमियों के बाजार मूल्य में वृद्धि होने पर संपत्तिकर स्व-निर्धारण हेतु कर योग्य संपत्ति मूल्य की दरें में वृद्धि की जा सकेगी। सलाहकार समिति की बैठक में गिरजा बंछोर पार्षद, राजेश चौधरी पार्षद, अभय बंद, सुरेश वार्ड पार्षद एवं राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, सहायक अधीक्षक बी साटी, सहायक राजस्व अधिकारी जोन-04 बालकृष्ण नायडू, सहायक राजस्व अधिकारी जोन अनिल मेश्राम आदि, राजस्व सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित रहे।

## अविरल विकास समिति का चुनाव, अखिलेश बने अध्यक्ष

**भिलाई।** अविरल समग्र एवं जन कल्याण विकास समिति विकास समिति का दुर्ग का चुनाव चुनाव अधिकारी केके देशमुख की उपस्थिति में हुआ। अध्यक्ष अखिलेश शर्मा व कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार देवांगन तथा मेघनाद वर्मा महासचिव चुने गए। उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, प्रचार सचिव संतोष वर्मा, सह सचिव अजय तिवारी,एचडी मानिकपुरी,कोषाध्यक्ष सुरेश कुकड़े,सह कोषाध्यक्ष रविसिंघन दुपे, लिखेश्वर हरमुख व सलाहकार आशीष गोस्वामी तथा दिनेश वर्मा चुने गए।






## सड़क सुरक्षा व यातायात प्रबंधन पर हुआ मंथन

# द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ने किया समूह परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा तकनीकी प्रस्तुतिकरण एवं समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता दीपक कुमार शर्मा पूर्व अपर महानिदेशक, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने की। विशिष्ट अतिथि एसएसपी विजय अग्रवाल थे। डॉ. सनी देओल, सह प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर ने शहरी क्षेत्रों में सतत यातायात प्रबंधन मुद्दे और चुनौतियाँ तथा ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यातायात दुर्ग भिलाई सड़क सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। इसी विषय पर समूह चर्चा में विषय विशेषज्ञ सीजीएम बीएसपी उत्पल दत्ता, संदीप बागडे , अपर संचालक , नगर तथा ग्राम निवेश, छत्तीसगढ़ शासन, डा सनी देओल, सह प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर, ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, (यातायात) दुर्ग भिलाई प्रदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता, लोनवि थे। परिचर्चा का संचालन अरविन्द रस्तोगी व स्वागत भाषण इंडिया के भिलाई के चेयरमैन पुनित चौबे ने दिया।

■ यातायात प्रबंधन पर वक्ताओं ने किया मंथन

दीपक शर्मा ने कहा कि तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों की बढ़ती संख्या हमारे शहरों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि शहरों में भूमि सीमित है और सड़कों की चौड़ाई एक निश्चित सीमा तक ही बढाई जा सकती है। श्री शर्मा ने कहा कि सतत विकास और पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें सार्वजनिक यातायात सुविधा विकसित करने पर जोर देना होगा।



### योजनांर्गत विकास से आवागमन सुगम

संदीप बागडे ने कहा कि भविष्य में इस क्षेत्र के योजनागत विकास से सड़कों तथा परिवहन के साधनों में उल्लेखनीय विकास होगा । प्रदीप गुप्ता, कार्यपालन यंत्री , लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने बताया कि राज्य शासन द्वारा विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से सड़र निति बनायी गयी है । अरविन्द रस्तोगी व संस्था की रोड समिति के अध्यक्ष बीपी यादव ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व सीजीएम संदीप नंदनवार व पी के तिवारी, पूर्व अध्यक्ष बीपी यादव, नागेन्द्र त्रिपाठी पूर्व मानसेवी सचिव संकल्प राय आदि उपस्थित थे।

### ट्रैफिक सेंस पर दिया जोर

विजय अग्रवाल ने ने कहा कि दुर्ग पुलिस द्वारा यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। उन्होंने नेहरूनगर चौक , ग्लोब चौक , डीपीएस रिसाली चौक तथा बोरिया चौक पर ट्रैफिक विशेषज्ञों को ध्यान देने कहा है। इस वर्ष पुलिस द्वारा त्यौहार एवं विशेष अवसरों के अवसर पर सेंट्रल एवेन्यू तथा अन्य प्रमुख मार्गों पर सड़क एवं पार्किंग की जगह छोड़कर 10 से 15 फीट दूरी बनाकर पंडाल लगाने कहा गया है। डां. देओल ने भविष्य के यातायात प्रबंधन में पैदल यात्री , साइकिल चालाक और सार्वजनिक परिवहन पर ध्यान दिए जाने पर बल दिया। ऋचा मिश्रा ने कहा कि दुर्ग पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाना, ट्रिपल सवारी, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाना तथा बिना सीटबेल्ट गाड़ी चलाने जैसे उल्लंघनों पर विशेष ध्यान दिया गया। उत्पल दत्ता ने भिलाई की सडकों पर तेज गति वाहनों विशेष कर दुपहिया वाहनों के नियंत्रण पर बल दिया ।




# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



02



योग, हैंडबॉल, शतरंज, ताइक्वांडो और टेटे में किया शानदार प्रदर्शन


## लाइव इवेंट

### गणेश जी का स्वरूप और संदेश

### बड़ी सूड़ और पेट लचीलापन, संतोष सहनशीलता और पाचन शक्ति को दर्शाता है

**भिलाई।** भगवान गणेश का सूंड अद्भुत है। लंबी, लचीली और



अत्यंत समर्थ। यही उनके स्वरूप का सबसे प्रमुख और अद्वितीय अंग है। जो हमें जीवन का एक गहरा सूत्र सिखाती है।

"सफल वही है जो परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल ले, कभी बल प्रयोग करे और कभी कोमलता। आज का जीवन विविध परिस्थितियों से भरा है। कभी कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं तो कभी मधुर व्यवहार की आवश्यकता होती है। गणेश जी की सूँड़ हमें यही प्रेरणा देती है। लंबी सूँड़ इसी परिवर्तनशीलता और लचीलेपन का प्रतीक है। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने बताया कि गणपति का बड़ा पेट संतोष, सहनशीलता और पाचन शक्ति को दर्शाता है। जो सिखाता है कि जीवन में हर परिस्थिति को धैर्य से स्वीकार करना, संतोष बनाए रखना और सब कुछ सहन कर पचाने की क्षमता विकसित करना ही सफलता की कुंजी है। बड़ा पेट इस बात का प्रतीक है कि खुशियाँ हों या दुख, प्रशंसा हो या आलोचना सबको धैर्यपूर्वक पचाना सीखना चाहिए। मानव शरीर में पेट और पाचन शक्ति ही स्वास्थ्य का आधार है। यदि भोजन अच्छे से पच जाए तो शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी के लिए संतोष और धैर्य अनिवार्य है। मेहनत का फल तुरंत नहीं मिलता, परंतु सतत प्रयास अंततः विजय दिलाता है। गणेशोत्सव के चौथे दिन का जीवन सूत्र यह है कि सहनशीलता और संतोष ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है, और पाचन शक्ति ही स्वास्थ्य की नींव है।



भिलाई। राज नंदिनी गणेश उत्सव समिति राम नगर।



भिलाई। सेक्टर टू उषा प्रशांत क्षीरसागर के निवास प्रात: मंदिर श्री गजानन महाराज प्रतिमा अभिषेक फुलो से सिंगार पुष्पमाला नये वस्त्र चंदन बुक्का फुल मला पन्हाळकर श्री गजानन महाराज जी का आशीर्वाद दिया इस कार्यक्रम के अवसर पर उषा क्षीरसागर महिला मंडळ सुंदर गजानन महाराज चे भजन गीत प्रस्तुत किया गया श्री गजानन महाराज 21 अध्याय विजर ग्रन्थ उषा क्षीरसागर के द्वारा पडा गया। कार्यक्रम बालगोपाल श्रीकृष्ण के रूप मे दहीहंडी शौर्य हा ता गले दहीहंडी फोडी गई।



भिलाई। आदर्श नवयुवक गणेश उत्सव समिति बीएसएनएल चौक सेक्टर 2।



भिलाई। नवयुवक संघर्ष गणेशोत्सव समिति भाठापारा कुरुद।

---

● गजानन मंदिर हुडको और दुर्ग में हुआ दो दिवसीय आयोजन

# संत गजानन की पुण्यतिथि पर भजन कीर्तन कर किया गुणगान, गोपालकाला और झुनका भाकर का लगाया भोग

भिलाई। ट्विनसिटी में शेगांव महाराष्ट्र के संत श्री गजानन महाराज का दो दिवसीय पुण्यतिथि महोत्सव उनके अनुयायियों व सामाजिक जनों द्वारा मनाया गया। जिसका समापन शुक्रवार को विधिनुसार किया गया। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन कलश स्थापना और संत श्री की षोडशोपचार पूजा के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हुडको गजानन महाराज गुणगान मंडल व भजन मंडली ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। गजानन महाराज गुणगान मंडल हुडकों के संस्थापक व वरिष्ठ सदस्य वसंत राव कापरे व राजेंद्र जपे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भाद्र पद शुक्ल पक्ष ऋषि पंचमी पर संत श्री गजानन महाराज की पुण्यतिथि महोत्सव मनाया गया।

### गजानन महाराज का किया गया जलाभिषेक

श्रीराम मंदिर गजानन नगर दुर्ग में भी गजानन महाराज की पुण्यतिथी ऋषिपंचमी के अवसर पर मंदिर में सुबह 6 बजे गजानन महाराज का जलाभिषेक किया गया। दोपहर साढ़े 12 बजे महाआरती और 1 बजे से महाप्रसाद वितरित किया गया। शाम 6 बजे गजानन महिला मंडल दुर्ग द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी गई।





### भजन संध्या में किया गुणगान

दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन गुरुवार की सुबह मंडल की महिलाओं द्वारा श्री गजानन विजय ग्रंथ का पाठ और लघुरुद्र पाठ चितपावन ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा किया गया। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम महाराष्ट्र ब्राह्मण जागृति सभा भिलाई-दुर्ग द्वारा प्रस्तुत किया गया। भजन संध्या में हारमोनियम और तबले पर कलाकारों ने संगत की। इस अवसर पर नंदिनी कडुस्कर नागपुर महाराष्ट्र से उपस्थित रही। आयोजन के दूसरे दिन गोपाल काला कीर्तन नंदिनी कडुस्कर महाराष्ट्र द्वारा किया गया। जिसके बाद दोपहर को गजानन महाराज के प्रिय व्यंजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। दो दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। जिसमें समिति के राजेंद्र जपे, देवाकर मेने, अरविंद मराठे, अनुप जोशी, संजय द्वारा विशेष सहयोग रहा।





### गजानन महाराज ने दिया संदेश

मंदिर के सदस्यों ने बताया कि गजानन महाराजा ने ऋषिपंचमी के दिन 8 सितंबर 1910 को संजीवन महासमाधी ली थी। समाधी लेने के पूर्व 2 वर्ष संत गजानन ने समाधी के लिये स्थान निश्चित किया था। आज शेगांव में उनकी जहां समाधी बनी हुई है उस तरफ हाथों की ऊंगली को दिखाते हुए कहा मैं यहां रहकर भक्तों का रक्षा करूंगा। संत ने यह भी कहा था कि गीता में कहा गया है मानव शरीर एक वस्त्र के समान है, उसे बदलना जरुरी है। समाधी के वक्त उनके मुख से गण गण गणात बोते शब्द निकले थे।

### हुडको में 1979 में मंदिर की हुई थी स्थापना

श्री गजानन गुणगान मंडल हुडकों के संस्थापक व वरिष्ठ सदस्य 91 वर्षीय वसंत राव कापरे ने बताया कि जब वे महाराष्ट्र में अपनी मैट्रीक की पढ़ाई कर रहे थे तब से वे गजानन महाराज के सेवा भाव व उनकी महिमा का स्वध्याय करते रहे। बीएसपी में नौकरी के दौरान भिलाई में आकर अपने घर व सेक्टर 6 के काली बड़ी मंदिर व इस्पात क्लब के पास ग्राउंड में गजानन महाराज का गुणगान भजन-कीर्तन व सत्संग द्वारा करते रहे। काफी मशक्कत के बाद हुडकों में जमीन मिलने पर सन् 1979 में गजानन मंदिर की स्थापना की गई। मंदिर बनने के बाद भवन आदि का कार्य अब तक चल रहा है। उन्होंने बताया कि गुणगान मंडल की अब तीसरी पीढ़ी यहां की परंपराओं को आगे बढ़ाएगी।

---

# माता लक्ष्मी और सरस्वती के साथ विराजे विघ्नहर्ता, हुई महाआरती

**दुर्ग।** कला मंदिर गंजपारा गणेश उत्सव के पंडाल में विघ्नहर्ता के साथ माता लक्ष्मी और शिक्षा की देवी माता सरस्वती को विराजमान किया गया है। जिसे देखने रोज भक्त पहुंच रहे है।

28 वर्षों से लगातार कला मंदिर गणेशोत्सव समिति दुर्ग शहर वासियों को स्थिर और चलित झांकियों के माध्यम से जागरूकता का कार्य समाज में कर रही है। इसी कड़ी में कला मंदिर के मंडप पर भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये और दिलीप साहू महाआरती में शामिल हुए। सभी ने पूजा-अर्चना कर गजानन महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी अतिथियों ने आयोजन में झांकियों की सराहना करते



हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने के लिए आर्शिवाद दिया। इस अवसर पर कला मंदिर परिवार के विजय जैन, गिरीश पारख, राजकुमार कला, अरविंद खंडेलवाल, चेतन जैन, संजय बोहरा और राकेश गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे।



# संत शिरोमणि सेन समाज का होगा विस्तार महिला मंडल का तीज मिलन 2 को



**भिलाई।** संत शिरोमणि सेन महाराज सेलून महासंघ भिलाई नगर का सेन चौक नेहरू नगर भिलाई में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में लक्ष्मी नारायण सेन, भिखम सेन, संतोष सेन, बलेशवर सेन, मंथीर सेन, निलकंठ श्रीवास, यादेश्वर सेन, उपस्थित थे। संत शिरोमणि सेन महाराज की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सेलून महासंघ भिलाई नगर के संगठन में मजबूती प्रदान कर सुचारू रुप से संचालित करने के लिए सात ब्लॉक केन्द्र का गठन करने पर चर्चा की गई। जिसमें रिसाली, सेक्टर एरिया, नेहरू नगर, सुपेला, पावर हाउस, वैशाली नगर, खुर्सीपार सदस्य बढ़ाने कार्य को गति प्रदान करने के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। दुर्ग जिला महिला प्रकोष्ठ के द्वारा 2 सितम्बर को तीज मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। गंगा राम सेन को सेलुन महासंघ भिलाई नगर के उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर समाज के धनीराम सेन, श्याम बहादुर शर्मा, राजू सेन, धीरज सेन आदि मौजूद थे।

---

## नए स्टूडेंट्स का कल्याण कॉलेज में हुआ स्वागत, वरिष्ठों ने किया प्रोत्साहित

# सहजता से जीवन जीते हुए प्रसन्न रहें और उत्तरदायित्व लेना सीखें, सीनियर्स और जूनियर्स बनाएं तालमेल

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के नवप्रवेशित छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी और महाविद्यालय के वरिष्ठजनों ने विद्यार्थियों को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सकारात्मकता से लगातार सिखते रहने, पढ़ते रहने और ज्ञानवर्धन करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिलाई नगर निगम के कमिश्नर राजीव पाण्डेय, निगम के अधिकारी अनिल सिंह शामिल हुए। माता सरस्वती की पूजा-अर्चना कर अतिथियों का स्वागत करते हुए विज्ञान संकाय के प्रमुख डॉ.गुणवंत चंद्रोल ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया।



### लक्ष्य निर्धारित कर खूब पढ़ें, बढ़ें और सिखते रहे

कमिश्नर राजीव पाण्डेय ने विद्यार्थियों को सकारात्मकता से अपने कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने छात्र जीवन के कई पहलुओं से विद्यार्थियों को रूबरू कराते हुए लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य करने की बातें कही। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि खूब पढ़ें, खूब बढ़ें और सिखने की प्रवृत्ति को आत्मसात करें।

### स्वयं से प्रश्न करें, मन, कर्म और वचन में एकरूपता बनाए

निगम कमिश्नर राजीव पाण्डेय ने कहा कि स्वयं से प्रश्न करें। सरलता और सहजता से जीवन जीएं। हमेशा प्रसन्न रहें। मन, वचन, कर्म में एकरूपता बनाए रखें। साथ ही उत्तरदायित्व लेना सीखें। जीवन में ललक को बढ़ाएं। नई जानकारी एकत्रित करने हमेशा जिज्ञासु बनें रहे। नवीन कार्य करने की जिजीविषा को जीवंत बनाए रखें। अपने से बड़े और सीनियर्स से सीखें और जूनियर्स को सिखाते रहे। परिवार, समाज, महाविद्यालय, शहर और प्रदेश का नाम ऊंचा करें।

### कॉलेज के शुरुआती दिनों को किया याद

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने कल्याण महाविद्यालय की जीवन यात्रा के लंबे विकास क्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अतिथियों और नवागंतुक विद्यार्थियों को बारीकी से कल्याण महाविद्यालय के बीजारोपण से लेकर आज बन चुके वटवृक्ष तक के सुनहरे समय का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक अविनाश तिवारी और आभार प्रदर्शन गणित के अध्यक्ष डॉ.मयूरपुरी गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के प्रमुख डॉ.सलीम अक़ील, शिक्षा संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ.एन.पापा राव के साथ ही बॉटनी, फिजिक्स, केमेस्ट्री, बॉयोटेक्नालॉजी, मैथ्स, कंप्यूटर साइंस और जूलॉजी के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सिटी इवेंट

### छात्रहित और संगठन को सशक्त बनाने विद्यार्थी परिषद को दिलाई गई शपथ



**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी इकाई भिलाई नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में नव-नियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए छात्रहित और संगठन के उद्देश्यों को और सशक्त बनाने की बातें कही। जिसमें अक्षय मिश्रा को भिलाई का नगर सह मंत्री बनाया गया है, वहीं पृथ्वी प्रताप सिंह को महाविद्यालय प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर अध्यक्ष ऋतेश दूबे, नगर मंत्री आकाश साहू, उमंग वर्मा, कार्तिक शर्मा नगर सह मंत्री, दीपक साहू कार्यालय मंत्री, आदित्य तिवारी तकनीकी प्रमुख और हर्षित भारद्वाज को तकनीकी सह प्रमुख नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार अंकित सिंह को छात्रावास प्रमुख, पोषण जोशी को फार्मा विजन प्रमुख, हरमन सिंह संधू को मीडिया प्रमुख और विशाल सिंह को सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया है। संगठन की अन्य इकाइयों में भी जिम्मेदारियां दी गई हैं, जिनमें आस्था वर्मा को आरकेएम प्रमुख, श्रुति सिंह को आरकेएम सह प्रमुख, दिव्या वर्मा को एसएफडी प्रमुख, धीरज को एसएफडी सह प्रमुख, वेदांश सिंह को खेल प्रमुख तथा राजीव गोखले को मेडिविजन प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा प्रोत्साहन सिंह को महाविद्यालय सह प्रमुख, वेदांश चिनचोलकर को विद्यालय प्रमुख, साई को विद्यालय सह प्रमुख और प्रसमजीत सेनगुप्ता को स्टडी सर्किल प्रमुख, कार्यकारिणी सदस्यों में आदित्य असाटकर, अर्पित कुमार, पुष्कर इस्दा, रमन तिवारी, प्रांजल माथुरकर, वेदांत ठाकुर, पुष शुक्ला और अंकित पांडेय को नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

● बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में आयोजित रामकथा में पहुंचे सांसद विजय बघेल

# अंधकार में सजगता की आवश्यकता, अन्यथा हो सकती है जीवन के मूल्यवान क्षण की हानि : पं. विष्णु अरोड़ा

**दुर्ग।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में चल रहे द्वारकाधीश अवतार बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर बाल योगी पं. विष्णु जी अरोड़ा (जावरा, मध्यप्रदेश) द्वारा रामकथा के चौथे दिन का प्रवचन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा में वनवास एवं केवट प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। बाल योगी पं. विष्णु जी अरोड़ा ने कहा कि भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास का रहस्य यही था कि इस अवधि में उन्होंने दो प्रमुख कार्य किए। राक्षसों का मारना और भक्तों का तारना। उन्होंने सात प्रमुख राक्षसों विराध, खर, दूषण, त्रिशला, रावण, कुम्भकर्ण और अतिकाय को मारा व धर्म की रक्षा की, वहीं सात प्रमुख भक्तों शबरी, गुहराज, केवट, सुग्रीव, विभीषण, हनुमान और अंगद को तारा व उन्हें उनकी भक्ति की फल दिया ।

नारी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सुमित्रा ने दूसरे के पुत्र राम के लिए अपने पुत्र लक्ष्मण का त्याग किया। वहीं कैकई ने अपने पुत्र भरत के सुख के लिए दूसरे के पुत्र राम को वनवास दिया।कौशल्या दोनों के मध्य सेतु और संतुलन बनीं। पं. विष्णु जी ने माता सुमित्रा की गहन दृष्टि का वर्णन करते हुए कहा कि वनवास की अनुमति लेने पहुंचे लक्ष्मण से उन्होंने कहा कि लक्ष्मण यह तुम्हारा सौभाग्य है कि तुम्हें राम की सेवा का अवसर मिल रहा है। राम तो तुम्हे सेवा का अवसर देने के लिए ही वन का दुःख भोगने जा रहे हैं। सुमित्रा के ऐसे विचार की कल्पना करना भी अकल्पनीय और दुष्कर है।



**मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन रात साढ़े 8 बजे से 11 बजे तक कथा, उमड़ रही भीड़**





रामकथा की यह पावन धारा निरंतर प्रवाहित हो रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर अपनी भक्ति-प्यास को तृप्त कर रहे हैं। कथा श्रवण के दौरान वातावरण राममय हो गया है। कथा प्रतिदिन रात साढ़े 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर अशोक राठी, अमरचंद गाँधी, विजय सोमानी, राधेश्याम राठी, जगदीश झंवर, प्रीति साबू, सुप्रिया भूतड़ा, आभा राठी, माया राठी, गौरी चाण्डक, गौतम टांक, संजय गुप्ता, विष्णु नरेरा, राहुल शर्मा, युगल सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### तमसा नदी के पास अयोध्यावासियों को छोड़ आगे बढ़ गए राम

तमसा नदी प्रसंग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम ने उनके पीछे-पीछे चल रहे अयोध्यावासियों को जब वे तमसा नदी के किनारे निद्रा अवस्था में थे छोड़कर आगे वन में चले गए। तमसा नदी अंधकार का प्रतीक है। यदि अंधकार में हम निद्रा में चले जाएँ तो जीवन के मूल्यवान क्षण खो देते हैं। सजगता और जागृति ही परमात्मा तक पहुँचने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि केवट ने केवल बहाना नहीं किया बल्कि अपने साहस और सामर्थ्य से भगवान के चरण पखारने का अवसर पाया। जीवन में यदि कुछ प्राप्त करना हो तो दृढ़ संकल्प के साथ साहस और सामर्थ्य दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि केवट का भगवान राम को रेतीली ज़मीन पर उतारना उनके प्रति अनन्य भक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। इसे हम सभी को समझना चाहिए।

## समाज इवेंट

### पैसे, पद और सम्मान में कितने ही बड़े हो जाओ, लेकिन नैतिकता न भूलें



**भिलाई।** सोशल मिडिया में थोड़े से लाइक, छोटी सी प्रशंसा, संस्थाओं में छोटे पद पाकर व्यक्ति अहंकार में इतना फूल जाता हैं कि वह अनेक रिश्तों, संबंधों व विवेक शून्य हो जाता है। अहंकार का स्पर्श स्वयं को दिखाई ही नहीं देता। निंदा, अपमान, तिरस्कार में क्रोध का बुखार और प्रशंसा की शीत लगने से मान का निमोनिया हो जाता हैं। पैसे में, पद में, सम्मान में कितने ही बड़े हो जाओ परन्तु नैतिकता नहीं भूलना चाहिए। मृदुता का भाव आत्मा का मुख्य गुण हैं, उसे बनाये रखना ही उत्तम मार्दव धर्म हैं। आर्यिका 105 अक्षयमती माताजी एवं आर्यिका 105 निर्मदमती माता के ससंघ सान्निध्य में दसलक्षण धर्म के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की विशेष आराधना जैन भवन, नेहरूनगर, भिलाई में हुई। पार्श्वनाथ जिनालय में शांतिधारा करने का अवसर गरिमा गौरव जैन, अपूर्व आगम जैन और वंदना देवेंद्र जैन, मेघा, मोना जैन परिवार को मिला। प्रथम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम विविध वेशभूषा में कनिष्ठ वर्ग में निश्चय सेठी प्रथम, अथर्व द्वितीय व विदुषी जैन को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ वहीं वरिष्ठ वर्ग में अनंत प्रथम, विज्ञ द्वितीय, आग्रह व अपूर्व को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। धर्ममय इस अनुष्ठान में सभी को बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए चातुर्मास संयोजक जितेन्द्र जैन ने अपील की हैं। कार्यक्रम में संरक्षक राजकुमार जैन, अशोक पहाड़िया, अध्यक्ष मनीत जैन, उपाध्यक्ष रमेश नाहर, मंत्री क्षितिज जैन, अजित जैन, सचिन जैनम, संदीप जैन, रोमिल जैन, आनंद जैन, आलोक जैन, नागेंद्र मोहन जैन, चेलना, प्रियंका, सुलोचना जैन सहित सैकड़ो भक्त आयोजन मे उपस्थित रहे।

■ विनम्रता से अहंकार को अंतरंग से नशाना ही उत्तम मार्दव धर्म है : आर्यिका अक्षयमती

## क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता

### योग, हैंडबॉल, शतरंज, ताईक्वांडो और टेटे में प्रतिभागियों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**भिलाई।** क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के बच्चों ने एथलेटिक्स, हैंडबॉल, शतरंज, योग, कराटे, ताइक्वांडो और टेबल टेनिस जैसे विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। पिछले दिनों आयोजित क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही प्रतियोगिता में अपने शानदार खेल कौशल के आधार पर विद्यालय के कई खिलाड़ियों का चयन ज़ोनल स्तर पर हुआ है। खिलाड़ियों का चयन और विद्यालय को मिली सफलता से सभी में हर्ष की लहर दौड़ गई है। विद्यालय की प्राचार्या योगिता शर्मा ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के खेल शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया और कहा कि विद्यार्थी आगामी ज़ोनल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।





## पेंटिंग प्रतियोगिता

### विघ्नविनाशक गणपति की पेंटिंग को मिला श्रेष्ठ पुरस्कार



**भिलाई।** मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने विघ्नविनाशक भगवान गणेश की मनोहारी पेन्टिंग को बनाया है। इस कृति को महाकौशल कला परिषद रायपुर द्वारा पूर्व में आयोजित अखिल भारतीय चित्रकला स्पर्धा में वर्ष के श्रेष्ठ पेन्टिंग का पुरस्कार मिल चुका है। विद्यार्थी ने अपनी पेन्टिंग के विषय को विस्तार करते हुए बताया कि यज्ञ के दौरान दुष्टों का नाश करने के कारण गणेश जी को विघ्नहर्ता का नाम मिला है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हमारी भारतीय सेना भी उसका अनुसरण करते हुए पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों का दंड दे रही है। छत्तीसगढ़ के चित्रकार द्वारा समकालीन भारतीय कलाजगत में अपनी कला के श्रेष्ठतम प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध चित्रकार बी.एल.सोनी, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, रंगकर्मी विजय शर्मा, मोहन बराल, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन, साहित्यकार मेनका वर्मा एवं ललित कला अकादमी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन ने बधाई दी है।

**चित्रकार को दी गई बधाई**

### फैशन वीक 'द रनवे 2025' में भिलाई की बेटियों ने लहराया परचम



**भिलाई।** लैक्मे फैशन वीक 'द रनवे 2025' में एनआईएफ ग्लोबल भिलाई की छात्रा कनक गोदवानी और पल्लवी रजक ने अपने डिजाइन प्रस्तुतिकरण से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस इवेंट में उन्होंने लैक्मे फैशन वीक की प्रतिष्ठित जूरी के सामने अपने गारमेंट्स प्रस्तुत किया। यह भिलाई के लिये भी गौरव का क्षण है क्योंकि छात्राओं को इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। एनआईएफ ग्लोबल भिलाई की सेंटर हेड श्रीमती नेहा लुन्दे ने छात्राओं की सराहना करते हुये कहा कि संस्थान द्वारा छात्राओं को ऐसे बड़े अवसर प्रदान करने के लिये लगातार इस तरह के आयोजन किया जाता रहा है। अब ट्विनसिटी की छात्राएं इस तरह के बड़े मंचों में अपनी प्रस्तुतियां दे रहीं हैं एवं फैशन जगत में भिलाई का नाम रौशन कर रहीं हैं। संस्थान के डायरेक्टर्स विक्रम खंडेलवाल और प्रकाश पारख ने कहा कि इस तरह के मंच छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। फैशन जगत में छात्राएं लगातार भिलाई का नाम रौशन कर रहीं है।

## वैज्ञानिक मंत्रालय से मान्यता, जुड़े स्टार्टअप शुरू करने मदद करेगा संस्थान

# छग में इंडस्ट्रियल फॉर्मेसी को मिलेगा बूस्ट, स्टूडेंट्स को अब जल्द ही मिलेगी नई हाईटेक प्रयोगशाला

**कार्नर न्यूज**

**रूंगटा यूनिवर्सिटी को केंद्र ने दिया सीरो संस्थान का दर्जा**

**भिलाई।** प्रदेश के फार्मेसी स्टूडेंट्स को अब जल्द ही रिसर्च के लिए शानदार हाईटेक प्रयोगशाला मिलेगी। शोध कार्य में तेजी लाने लाखों रुपए की फंडिंग भी दी जाएगी। फार्मेसी के नए आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करने अब मध्यप्रदेश या तेलंगाना जैसे राज्यों का रुख भी नहीं करना होगा क्योंकि भारत सरकार ने रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस को साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च आर्गनाइजेशन (सीरो) के रूप में मान्यता दे दी है। छत्तीसगढ़ में रूंगटा आर-1 अब तमाम कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए फार्मेसी के क्षेत्र में मेंटर का काम करेगा। इसके साथ केमिस्ट्री और इंडस्ट्रियल फार्मेसी की छत्तीसगढ़ में शुरुआत होगी।



### एंटी कैंसर ड्रग पर होगा रिसर्च

सीरो की मान्यता के बाद रूंगटा फार्मेसी में एंटी कैंसर ड्रग्स पर रिसर्च शुरू होगी। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति के खून में दवाइयों से होने वाले प्रभाव को जानने फंड केंद्र से मिलेगा। रुंगटा यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आरएंडडी डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि कैंसर के दौरान पीड़ित के खून में हीमोग्लोबिन, वाइट और सेल ब्लड सेल की मात्रा कम हो जाती है। इसी तरह बोनमौरो में कमी आने लगती है। इस रिचर्स के दौरान एंटी कैंसर ड्रग के प्रभाव से मरीज को राहत देने नई तरह की मेडिसीन खोजी जाएगी। इसकी शुरुआत हो चुकी है। हाल ही में इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च को पब्लिश किया गया है।

### पहली बार फॉर्मेसी स्टार्टअप

चारों तरफ खदानों से घिरे छत्तीसगढ़ में जल्द ही फार्मेसी के स्टार्टअप्स की शुरुआत होने वाली है। सीरो मान्यता के जरिए फार्मेसी के स्टूडेंट्स, रिसर्च स्कॉलर्स और औद्योगिक इकाईयां स्मॉल और मीडियम स्तर पर फार्मेसी स्टार्टअप के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकेंगी। मान्यता मिलने के साथ ही दो नए फार्मेसी बेस्ड स्टार्टअप की शुरुआत होने जा रही है। इस दिशा में रुंगटा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मुकेश शर्मा ने नेचुरल मॉस्किटो रिप्लेंट का इजाद किया है। जिस तरह अभी बिजली से चलने वाले रिप्लेंट में रसायन का उपयोग होता है। नई रिसर्च में फसल से निकले खरपतवार का उपयोग कर नेचुरल रिप्लेट तैयार किया गया है।

### छात्रों को होगा फायदा

प्रदेश में फार्मास्युटिकल पार्क बनेगा। इसके लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण एनआरडीए ने सेक्टर 22 ग्राम तूता में 141.84 एकड़ भूमि दी है। सरकार ने इसे मंजूर कर दिया है। इससे छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं आम लोगों को सहजता से सुलभ हो, इस सोच के साथ राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावी इको सिस्टम तैयार करने की लगातार पहल की जा रही है। इस कड़ी में सिरो संस्थान के फार्मेसी छात्रों को भी बड़ा फायदा मिलेगा। फार्मेसी इंडस्ट्री में उनको रोजगार के लिए प्राथमिकता मिलेगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस में रोमांचक दौर जारी



रायपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की ओर से रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में तीन दिवसीय श्री भोला प्रसाद तिवारी स्मृति प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हुई।31 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-19 (यूथ) बालक एवं बालिका एकल तथा अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एवं बालिका एकल वर्ग अंतिम दौर के मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। अध्यक्षता रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने की। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, मुख्य प्रायोजक समाजसेवी सुशील शर्मा, कोटक महिंद्रा बैंक के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट प्रियंक पांडे थे। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग रहता है जिसके लिए सभी को खेल से जुड़ना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल रायपुर के लिए राशि रू पांच लाख की घोषणा की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े उपस्थित थे। संचालन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव विमल नायर ने किया। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों में अंडर-19 (यूथ) बालक एकल वर्ग सेमीफायनल - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने यशवंत डेकाटे (रायपुर) को 3 -1 तथा सिद्धा धृपर (रायपुर) ने आर्यन सिंह (रायपुर) को 3 - 0 हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर- 19 (यूथ) बालिका एकल वर्ग-सेमीफायनल - सिया मेघानी (बिलासपुर) ने प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) को 3-2 तथा समाया पांडे (रायपुर) ने लावण्या पांडे (रायपुर) को 3-2 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर--15 (सब जूनियर) बालक वर्ग सेमीफायनल - आर्यन सिंह (रायपुर) ने श्रेष्ठा मिश्रा (रायपुर) को 3-0 तथा दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) ने शौर्य बागडे (दुर्ग) को 3-0 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। अंडर--15 (सब जूनियर) बालिका- सेमीफायनल - समाया पांडे (रायपुर) एवं लावण्या पांडे (रायपुर) तथा अक्षिता बीजू (बिलासपुर) एवं सिया मेघानी (बिलासपुर) के मध्य मैच जारी है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय निर्णायक प्रणय मजूमदार एवं सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी और भूपेंद्र सिंह राजवंशी हैं। प्रतियोगिता में 30 अगस्त को सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के मैच खेले जायेंगे।

### रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में हुई विविध खेल प्रतियोगिताएं




रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विविध खेल प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। यह दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। नींबू-चम्मच दौड़ (बॉयज): कुल 40 प्रतिभागियों में से प्रिंस कुमार शाह (बी.बी.ए),हिमांशु शांडिल्य (बी.टेक) और इन्द्रपाल सिंह (डी.एल.एड ) विजेता घोषित हुए। नींबू-चम्मच दौड़ (गर्ल्स): कुल 40 प्रतिभागियों में डी.एल.एड की दीपा कुजूर, अनुरिया क्सेस और पूर्णिमा मरावी विजेता घोषित हुईं। कुर्सी दौड़ (बॉयज) : 20 प्रतिभागियों के मध्य बी.टेक के हिमांशु शांडिल्य (प्रथम) और सूरज कुमार वर्मा (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ (गर्ल्स) : 20 प्रतिभागियों के मध्य प्रथम स्थान डी.एल.एड की दीपा कुजूर और द्वितीय स्थान स्पेशल बी. एड की ममता साहू ने प्राप्त किया।कैरम प्रतियोगिता में बॉयज केटेगरी के विजेता बी.टेक के ओम कुमार सिंह और गर्ल्स केटेगरी में बी.एड कि गीतांजलि मलाया विजेता रहे। रस्साकशी: कुल 10 टीमों में से बॉयज केटेगरी में टीम बी .फार्मा और गर्ल्स केटेगरी में टीम डी.एल.एड (2nd सेमेस्टर) विजेता रही। बॉयज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टीम बी.पी.इ.एस और टीम डी.एल.एड के बीच रोमांचक फाइनल में टीम बी.पी.इ.एस विजेता टीम रही। विजेताओं का सम्मान मुख्य अतिथि प्रो.डी.पी.अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, यू.पी.एस.सी. ने किया। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा और कुलपति (प्रभारी) प्रो.आर.आर.एल बिराली ने खेल दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। चैम्पियनशिप इस अवसर पर उप कुलसचिव डॉ. कमल प्रधान, डीन ऑफ साइंस डॉ. अनुश्रुति कोसले, एवं डीन ऑफ एजुकेशन डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### आंत स्वस्थ तो शरीर भी स्वस्थ' का मूलमंत्र रखना होगा याद

# अपनी आंतों की सेहत सुधारना है तो फाइबर जरूर शामिल करें आहार में, दिखने लगेगा जरूरी बदलाव

पूरे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पेट और आंतों की सेहत का ठीक रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सभी लोगों को आहार में पौष्टिकता से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए, शरीर को स्वस्थ रखने और आंतों की समस्याओं को ठीक करने में इसके लाभ हैं। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि फाइबर युक्त चीजों को आहार में शामिल करके आंतों की सेहत में सुधार किया जा सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि आंत के स्वास्थ्य को सुधारने में आहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फाइबर, साबुत अनाज, फल, सब्जियां और प्रोबायोटिक्स (दही या साउरक्रोट जैसेकिण्वित खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले स्वस्थ बैक्टीरिया) से भरपूर आहार का सेवन करके स्वास्थ्य लाभ पाया जा सकता है। फाइबर का सेवन पाचन को ठीक रखने और मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करता है और कब्ज को रोकता है।



#### सेब खाने की बनाइए आदत

आपने भी कहावत सुनी होगी, 'एन एपल अ डे कीप डॉक्टर्स अवे' यानी आहार में सेब को शामिल करके स्वास्थ्य लाभ पाया जा सकता है। सेब में पेक्टिन नामक प्राकृतिक लैक्सेटिव होता है, जो मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करता है। सेब में फाइबर भी प्रचुर मात्रा में होती है जो कि बेहतर पाचन को बढ़ावा देने में सहायक है। हृदय की सेहत में सुधार करने और शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति में इसके लाभ हैं।

#### चिया सीड्स हैं लाभकारी

चिया सीड्स फाइबर का बेहतर स्रोत हैं जो पानी को अवशोषित कर सकते हैं और एक जेल जैसा पदार्थ बनाते हैं जो मल त्याग को बढ़ावा देने में आपके लिए लाभकारी है। चिया सीड्स का नियमित सेवन आंतों को स्वस्थ रखने और कब्ज जैसी समस्याओं के जोखिमों को कम करने में आपके लिए काफी फायदेमंद है। इसे आहार का हिस्सा बनाकर आप कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।


#### जरूर करिए दही का सेवन

दही में प्रोबायोटिक्स होता है, जो लाभकारी बैक्टीरिया को बढ़ावा देने



और आंतों को स्वास्थ्य रखने में आपके लिए मददगार है। अपच जैसी पेट की समस्याओं से बचाव और पाचन तंत्र को बेहतर बनाए रखने के लिए दही को आहार का हिस्सा बनाना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।





## रात में सोने से पहले करें ये योगासन, मिलेगी अच्छी नींद

अच्छी सेहत के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी होती है। अच्छी नींद के लिए सात से आठ घंटे सोना चाहिए। हालांकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में भले ही थकान होती हो लेकिन नींद नहीं होती। लोगों की लाइफस्टाइल में आए बदलाव के कारण देर रात तक लोग जगते हैं। फोन की लत और सोशल मीडिया व टीवी देखने की आदत के कारण आजकल अधिकतर लोग काफी देर रात तक जागते रहते हैं। इस कारण उन्हें अच्छी नींद नहीं आती और सेहत पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में सोने से पहले कुछ योगासन और स्ट्रेचिंग करके आप रात को अच्छी नींद ले सकते हैं। योग व स्ट्रेचिंग आपके स्ट्रेस को दूर करती है। मांसपेशियों को आराम देने के साथ शरीर को लचीला बनाने में भी मदद करती है। ऐसे में अच्छी नींद और सेहतमंद मन व शरीर के लिए रात में सोने से पहले करें ये योगासन।

#### शलभासन

नींद की समस्या से राहत पाने के लिए रात में सोने से आधे घंटे पहले शलभासन योगाभ्यास कर सकते हैं। इस



आसन को करने के लिए पेट के बल लेट जाएं और दोनों हथेलियों को जांघों के नीचे रखें। अब पैर की एड़ियों को आपस में जोड़ते हुए पंजे सीधे रखें। फिर पैरों को ऊपर उठाते हुए गहरी सांस लें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद पूर्वावस्था में आ जाएं।

#### शवासन

रात में नींद की समस्या से निजात पाने के लिए शवासन का नियमित अभ्यास कर सकते हैं। ये योग भी रात में सोने से पहले किया जा सकता है। शवासन करने के लिए पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों के बीच एक फीट की दूरी रखें। फिर पैरों से पंजे की तरफ शरीर को ढीला छोड़ते हुए आराम से सांस लें और पूरा शरीर ढीला छोड़ दें। इस आसन से सभी थकी मांसपेशियों और कंधों को आराम मिलता है।

#### उत्तानासन

उत्तानासन के नियमित अभ्यास से नींद पर जल्द फर्क नजर आने लगेगा। इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं। अब लंबी सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर की ओर ले जाएं और सांस छोड़ दें। फिर हाथों को नीचे जमीन की ओर ले जाएं और पैरों के अंगूठे को छूने की कोशिश करें।

#### बालासन

रात में नींद नहीं आती, तो बालासन का अभ्यास कर सकते हैं। इस आसन को करने से दिमाग शांत रहता है। बालासन करने के लिए वज्रासन पोज में बैठ जाएं और सांस को अंदर लेते हुए दोनों हाथों को सीधा सिर के ऊपर उठाएं। फिर सांस बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। हथेलियों और सिर को जमीन पर टिकाकर रखें। अब सांस अंदर लेते और छोड़ते समय उंगलियों को आपस में जोड़े और सिर को दोनों हथेलियों के बीच में धीरे से रखें।



## तुलसी के इन उपायों से दूर हो जाएगी दरिद्रता

आप तुलसी के पत्तों से सरल उपाय करके अपने घर से दुख और दरिद्रता को दूर सकती सकती हैं। इन उपायों का पालन करने से जीवन में सुख, समृद्धि, और शांति का अनुभव हो सकता है। तुलसी की पूजा और इन विशेष उपायों के माध्यम से आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

#### नौकरी और व्यापार में उन्नति के लिए

यदि आप नौकरी या व्यापार में उन्नति चाहिए लेकिन लाख प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिल रही है, तो तुलसी माता को पीले रंग की चुनरी चढ़ाएं। इसके साथ भगवान श्रीकृष्ण से अपनी मनोकामना व्यक्त करें। यह उपाय आपकी मनोकामना को शीघ्र पूरा कर सकता है।

#### वैवाहिक जीवन और विवाह की बाधाओं को दूर करने के लिए

घर में तुलसी का पौधा लगाने से दांपत्य जीवन की समस्याएं हल हो सकती हैं।यह उपाय उन लोगों के लिए भी फायदेमंद है, जिन्हें विवाह में अड़चनें आ रही हैं या बार-बार शादी टूट रही है। तुलसी के पौधे को घर में लगाने से वैवाहिक जीवन में सुख और शांति का अनुभव होता है।

#### अच्छे स्वास्थ्य के लिए

एक छोटी सी कढ़ाई में आटा डालकर उसे देशी घी में भूनें। फिर इसमें शक्कर मिलाकर प्रसाद तैयार करें। इसमें फिर केले और तुलसी के 11 पत्ते डालें और भगवान विष्णु को भोग लगाएं। यही प्रसाद अगर आप रोगी व्यक्ति को खिलाते हैं तो उसके स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।



#### घर में सुख-शांति के लिए

यदि घर में कलेश और अशांति बनी रहती है, तो स्नान करने वाले पानी में तुलसी डाल लें। ऐसा करने से आपका मन शांत होगा और आप घरेलू समस्याओं को आसानी से सुलझा पाएंगे।

#### घर में सुख-समृद्धि के लिए

जीवन में सुख और समृद्धि प्राप्त करने के लिए स्नान के बाद थोड़ी सी रोली लें और उसमें 2-3 बूंद घी डालें।इसे अच्छी तरह मिला कर घर के मंदिर में दाएं और बाएं दोनों तरफ स्वास्तिक चिन्ह बनाएं। स्वास्तिक के ऊपर तुलसी के पत्ते चिपका दें। इससे घर में नकारात्मकता समाप्त होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## मुंह मीठा करने बनाएं शुगर फ्री मिठाई



सभी त्यौहारों में मिठाई तो बनाई ही जाती है ऐसे में आजकल बहुत से लोग शुगर या डायबिटीज के मरीज हैं। शुगर के पेशेंट हमेशा ज्यादा मीठा या मिठाई नहीं खा सकते इसलिए त्यौहारों में उनकी मिठास को बढ़ाने के लिए शुगर फ्री मिठाइयां बनाई जा सकती है।

#### ग्रिल्ड बादाम बर्फी

यह मिठाई मात्र तीन सामग्रियों की मदद से आधे घंटे से भी कम समय में बनकर तैयार हो जाएगी। इस मिठाई से त्यौहार का मजा को तो बढ़ेगा साथ ही, शुगर के मरीजों के मुंह में भी मिठास घोल देगी। मावा, बादाम, नारियल और चीनी के विकल्प के साथ तैयार यह मिठाई सभी को खूब पसंद आएगी। इस मिठाई को आंच या पैन पर नहीं बल्कि बेक करके बनाया जाता है, इसलिए यह खास भी है और खाने में अलग स्वाद के साथ टेस्टी भी।

#### शुगर फ्री फिरनी

फिरनी एक पारंपरिक भारतीय डेजर्ट है। जो क्रीमी स्वाद से भरपूर है, इसे चावल के आटे से तैयार कर उसमें दूध, इलायची और ड्राई फ्रूट्स (ड्राई फ्रूट्स मिठाई) का इस्तेमाल किया जाता है। रात में भोजन के बाद यह मिठाई खाने के लिए बेस्ट है। इस मिठाई को आप बहुत ही कम समय में भी झटपट बना सकते हैं। पिस्ता, बादाम, काजू और गुलाब की खुशबुओं से भरपूर इस मिठाई या डेजर्ट को हर कोई खाना पसंद करेंगे।

### कार्नर न्यूज

### जीवन के उतार-चढ़ाव के साथ आगे बढ़िए खुशहाल रहने

# शादी के बरसों बाद भी रिश्ते में ताजगी बनाए रखने जानें तरीके, उम्र के साथ बढ़ेगा प्यार भी

आप दोनों ने जीवन भर घर-परिवार, बच्चों और रिश्तेदारों के लिए बहुत कुछ किया। क्या इस जिंदगी में आपके निजी रिश्ते भी थकने लगे हैं? पति-पत्नी का रिश्ता ऐसा होता है, जिसमें दोनों मिलकर हर उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए एक साथ आगे बढ़ते हैं। इन अनुभवों के साथ दोनों में एक-दूसरे के प्रति परवाह और आपसी समझ भी बढ़ती है।

एक शादी जब काफी लंबी चलती है तो जोड़ों के बीच एक सही तालमेल भी बन जाता है, लेकिन कई बार यह समझदारी जीवन में बोरियत ला देती है और जीवन का आनंद गायब होने लगता है। जीवन भर घर-परिवार और पति-बच्चों की जिम्मेदारी संभालते-संभालते दोनों के रिश्ते में एक ठहराव आ जाता है। वैवाहिक जोड़े तब अलग हो जाते हैं, जब एक या दोनों इन परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने में असफल हो जाते हैं। ऐसे में अपने विवाह को ताउम्र खूबसूरत और रिश्ते में ताजगी बनाए रखने के लिए बढ़ती उम्र में आप कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें, जिससे वैवाहिक जीवन में प्रेम और आनंद बना रहे।




#### मानसिक चोट न पहुंचाएं

पति-पत्नी में मन-मुटाव और लड़ाई-झगड़ा होना आम बात है। ऐसी स्थिति में एक बात का जरूर ध्यान रखना चाहिए कि चाहे जितना भी झगड़ा क्यों न हो जाए, लेकिन कभी भी ऐसी बात नहीं बोलनी चाहिए, जिससे उन्हें मानसिक चोट पहुंचे। कभी भी 'घर छोड़कर जाने' की बात या 'शादी तुमसे न हुई होती तो अच्छा होता' जैसी बात नहीं बोलनी चाहिए। ये बातें विवाद बढ़ाती हैं। इसके अलावा 'आप प्यार नहीं करते' और बहुत खराब पिता होने की बात कहना जीवन-साथी के मन पर गहरी चोट पहुंचा सकता है। इसलिए जब बात बढ़ती दिखे तो खुद पर काबू रखें और शांत रहें और बाद में आराम से अपने विवाद को सुलझाने का प्रयास करें।

#### बुराई करने से बचें

परिवार के सदस्यों की बुराई करना और उन्हें नीचा दिखाना आपके वैवाहिक रिश्ते को पूरी तरह प्रभावित कर सकता है। अगर आपके विचार ससुराल पक्ष के लोगों से मेल नहीं खाते हैं तो अपना पक्ष खुलकर अपने जीवन-साथी के सामने रखें और मिलकर इस समस्या का हल निकालने की कोशिश करें।

#### तोहफे से बनेगी बात

जीवन-साथी को खास मौके पर तोहफा जरूर दें। ऐसा करने से वह स्पेशल महसूस करेंगे और आपस में खुशियां बढ़ेंगी। दांपत्य जीवन में गंभीरता के साथ-साथ मनोरंजन भी जरूरी है, इसलिए अपने जीवन-साथी के साथ बाहर डिनर या लंच पर जाना भी न भूलें।

#### रिश्ते में आपसी जुड़ाव हो मजबूत

फैमिली रिलेशनशिप काउंसलर शोभना बताती हैं, वैवाहिक जीवन को लंबे समय तक खुशहाल और आनंदमय बनाने के लिए प्यार, विश्वास और आपसी समझ बड़ी भूमिका निभाते हैं। हालांकि विवाह के बाद सिर्फ यही बातें काम नहीं आतीं, बल्कि कई छोटी-छोटी चीजों का भी ध्यान रखना जरूरी होता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की नेटवर्थ जानकर उड़ जाएंगे होश

पॉप म्यूजिक की सुपरस्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने आखिरकार अपनी सगाई की आधिकारिक घोषणा कर दी है। दोनों ने



इंस्टाग्राम पर खूबसूरत तस्वीरें शेयर करते हुए इस रिश्ते को दुनिया के सामने नाम दे दिया। इस खबर ने हॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत दोनों में हलचल मचा दी है। पोस्ट में ट्रैविस केल्स घुटनों के बल बैठकर टेलर स्विफ्ट को प्रपोज करते नजर आए। फूलों से सजे गार्डन में खींची गई इन तस्वीरों ने फैन्स का दिल जीत लिया। वहीं टेलर की उंगली में नजर आ रही डायमंड रिंग भी खूब चर्चा में रही। दोनों का वीडियो टेलर के ही गाने 'सो हाई स्कूल' की धुन पर तैयार किया गया था। इस ऐलान के कुछ ही घंटों में पोस्ट पर 1.7 करोड़ से ज्यादा लाइक्स आ चुके थे। चलिए अब बताते हैं जल्द शादी के बंधन के बंधने जा रहे इस पावर कपल की नेट वर्थ के बारे में। टेलर स्विफ्ट आज दुनिया की सबसे अमीर म्यूजिशियन हैं। उनकी कुल नेटवर्थ करीब 1.6 बिलियन डॉलर यानी लगभग 13,350 करोड़ रुपये है। उनकी मेन कमाई का सोर्स एरास टूर और म्यूजिक कैटलॉग रॉयल्टी बताई जाती है। उनकी म्यूजिक कैटलॉग वैल्यू लगभग 600 मिलियन डॉलर यानी 5,000 करोड़ रुपये के आसपास है। वहीं रियल एस्टेट पोर्टफोलियो 110 मिलियन डॉलर यानी 915 करोड़ रुपये है। उनके पास प्राइवेट जेट है जिसकी कीमत 23 मिलियन डॉलर यानी 191 करोड़ रुपये है। टेलर की यह संपत्ति उन्हें न सिर्फ अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया की सबसे अमीर महिला कलाकारों में शुमार करती है। वहीं एनएफएल स्टार और कैनसस सिटी चीफ्स टीम के खिलाड़ी ट्रैविस केल्स अपने शानदार करियर और रिकॉर्ड तोड़ कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए जाने जाते हैं। फोर्ब्स के मुताबिक उनकी कुल नेटवर्थ करीब 70 मिलियन डॉलर यानी लगभग 580 करोड़ रुपये है। उनकी ऑन-फील्ड अर्निंग करीब 111 मिलियन डॉलर यानी 920 करोड़ रुपये के आस-पास है।

### टॉलीवुड

# एयरपोर्ट पर एकसाथ दिखे रश्मिका और विजय, फैंस ने बताया 'बेस्ट कपल'

अभिनेता विजय देवरकोंडा का नाम काफी वक्त से अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ जोड़ा जाता है। दोनों को अक्सर एक साथ भी देखा गया है और कई मौकों पर दोनों एक-



दूसरे को सपोर्ट करते और चीयर करते भी नजर आए। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते पर कभी खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आए हैं। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है।

रश्मिका और विजय को एक साथ हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान दोनों कैजुअल लुक्स में नजर आए। चेहरे पर मास्क लगाए विजय और रश्मिका लॉन्ग लूज टी-शर्ट और पैंट्स में दिखे। रश्मिका ने जहां लाइट व्हाइट कलर की टी-शर्ट और ब्लू जींस पहनी थी। वहीं विजय ब्लैक जींस के साथ ग्रे कलर की लंबी टी-शर्ट पहने दिखे। इस दौरान रश्मिका एक पर्स भी टांगे थीं। हालांकि, दोनों कैमरों को देखकर चलते चले गए। फैंस ने इन दोनों को बेस्ट कपल बताया है और इनकी जोड़ी को इंडस्ट्री की बेस्ट जोड़ी करार दिया है। हाल ही में विजय देवरकोंडा रश्मिका मंदाना के साथ यूएस में इंडिया डे परेड में शामिल हुए थे। उस वक्त के कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इस दौरान विजय और रश्मिका की बॉन्डिंग की काफी चर्चा भी हुई थी, जहां विजय रश्मिका को उनके निक नेम से बुलाते दिखे थे और रश्मिका के डांस का भी वीडियो काफी वायरल हुआ था।

वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय देवरकोंडा आखिरी बार 'किंगडम' में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी। सिनेमाघरों के बाद आज ही 'किंगडम' ओटीटी पर भी रिलीज हुई है। वहीं रश्मिका मंदाना आखिरी बार फिल्म 'कुबेर' में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ धनुष और नागार्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। अब रश्मिका अपनी आगामी फिल्म 'थामा' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं, जो इस साल दीवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह मेडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। इसमें रश्मिका के साथ आयुष्मान खुराना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### छॉलीवुड

# 'मया दे दे मयारू- 2' का रायपुरा में हुआ मुहूर्त,स्टार कलाकार रहे मौजूद

प्रोड्यूसर अलक राय की छत्तीसगढ़ी फ़िल्म मया दे दे मयारू-2 का मुहूर्त हटकेश्वर महादेव मंदिर रायपुरा में गरिमामय समारोह में हुआ। इस फ़िल्म को



निर्देशक व्दय प्रेम चंद्राकर एवं भूपेंद्र साहू की जोड़ी निर्देशित करने जा रही है। प्रोड्यूसर अलक राय ने बताया कि पूजा अर्चना के साथ कलाकारों एवं टेक्नीशियनों की मौजूदगी में पूजा पाठ के साथ विधि विधान से मुहूर्त हुआ। इस अवसर पर निर्देशक व्दय प्रेम चन्द्राकर व भूपेन्द्र साहू, डीओ पी दिलीप राय, कलाकार मन कुरैशी, लक्षित झांझी, दीक्षा जायसवाल, इशिका यादव, पद्मश्री ममता चन्द्राकर एवं पूरवी चन्द्राकर उपस्थित थे।



ग्राफ़िक का दौर

आज के दौर के सर्वाधिक चर्चित मॉडल वूयंगमी,जेडब्ल्यू एंडरसन,एडब्ल्यूजीई, डबलट और बियांका सॉन्डर्स ने ग्राफिक से भरे आउटफिट अपना कर संकेत दिया है कि ट्रेंड यही है। कुछ सालों तक वार्डरोब को सुंदर और तटस्थ रखने के बाद मेन्सवियर में अब बोल्ड ग्राफ़िक पीस वापस आ रहा है। बियांका सॉन्डर्स और जेडब्ल्यू एंडरसन का मानना है कि ग्राफिक से भरे आउटफिट यूथ की पसंद है और इसे अपनाना कहीं से भी गलत नहीं है।

# नाखूनों को साफ-सुथरा रखने से लेकर मजबूत बनाने तक एक्सपर्ट की टिप्स को करें फॉलो

नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए अकी बातों का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको नाखूनों के आस-पास की स्किन की भी उतनी ही अच्छे तरीके से देखभाल करनी चाहिए। लगातार नाखूनों की सही तरीके से देखभाल करने से आपके नेल्स साफ-सुथरे और मजबूत नजर आने लगेंगे। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे खास और आसान टिप्स बताने वाले हैं जिनकी सहायता लेकर आप आसानी से अपने नाखूनों की देखभाल कर सकते हैं।



## मैनीक्योर और पेडीक्योर कब करवाना चाहिए?

अगर आप चाहती हैं कि आपके नाखून हमेशा मजबूत और साफ रहें तो हफ्ते में कम से कम 1 बार तक आपको नेल केयर रूटीन पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आप घरेलू चीजों की सहायता भी ले सकती हैं। इसके लिए आप गुलाब जल, संतरे, बेसन जैसी कई चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।


## कैसे करें नाखूनों की देखभाल?

सबसे पहले एक बाउल में हल्के गुनगुने पानी को डालें। इसमें अपने हाथों की उंगलियों को कम से कम 2 से 4 मिनट तक डूबोकर रखें। इसके बाद टूथब्रश की मदद से नाखूनों को अच्छी से साफ कर लें। ध्यान रहे कि इसके लिए आप हाथों के दबाव को कम से कम ही रखें। अब क्यूटीक्लस की देखभाल करना भी बेहद जरूरी होता है। इस दौरान क्यूटीक्लस को काटे नहीं, बल्कि इन्हें कॉटन की मदद से अंदर की तरफ दबा लें ताकि नाखून मजबूत रहे।इसके बाद आप हाथों को साफ करके हैण्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।ऐसा इसलिए क्योंकि गुनगुने पानी में रहने के कारण हाथों की त्वचा ड्राई हो जाती है। इसे मॉइस्चराइज करना भी जरूरी होता है और इसके लिए आप हैण्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।आखिर में आप नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए ट्रांसपेरेंट कलर की नेल पेंट लगा सकती हैं।

# जींस के साथ वियर करें वी नेकलाइन वाली टी-शर्ट, मिलेगी भरपूर तारीफ



जींस के साथ अक्सर हमें क्रॉप टॉप या शर्ट पहनना ज्यादा पसंद होता है। वहीं कई सारी लड़कियां जींस के साथ पहनने के लिए कुर्ती भी खरीदती हैं। लेकिन हर बार उसी फैशन को फॉलो करके हम बोर हो जाते हैं। इसलिए हमेशा उसमें कुछ अलग चेंज करने के बारे में सोचते हैं। अगर आप भी कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो जींस के साथ वी नेकलाइन वाली टी-शर्ट को स्टाइल करें। इस तरह की टी-शर्ट डिजाइन पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसके बाद आपको कोई भी नया टॉप लेने की जरूरत नहीं पड़ती है।



## प्लेन वी नेकलाइन टी-शर्ट

आप जींस के साथ सिंपल लुक के लिए प्लेन वी नेकलाइन वाली टी-शर्ट को खरीद सकती हैं। इस तरह की टी-शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, लुक को सिंपल रखती हैं। इस तरह की टी-शर्ट मार्केट में आसानी से मिल भी जाती है। जिसे आप अपनी जींस के कलर के हिसाब से खरीदकर वियर कर सकती हैं। इस तरह की टी-शर्ट आप लूज भी खरीदकर जींस के साथ पहन सकती हैं। मार्केट में यह टी-शर्ट आपको 100 से 250 रुपये में मिल जाएगी।



## कॉलर वी नेकलाइन टी शर्ट

अगर आपको टी-शर्ट में लुक सबसे अलग चाहिए, तो इसके लिए आप वी नेकलाइन वाली कॉलर टी-शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी-शर्ट में कलर कंट्रास्ट के हिसाब से कॉलर दिया गया है। इससे यह क्लासी और सुंदर लग रही है। ऐसी टी-शर्ट भी जींस के साथ अच्छी लगती है। साथ ही, अलग-अलग कलर कंट्रास्ट के साथ मार्केट में आसानी से मिल जाती है। इस तरह की टी-शर्ट बाजार से लेने पर आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी।

# बालों को रखना है हेल्दी तो इन तरीकों से प्याज का करें

प्याज बालों के लिए काफी फायदेमंद होती है बालों में प्याज लगाने से जड़ें मजबूत होती है और पोषण मिलता है। बालों को घना करने के लिए भी प्याज का इस्तेमाल किया जाता है। इससे वो टूटने कम हो जाते हैं और सफेद भी नजर नहीं आते हैं। ।ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट पोषक तत्व पाए जाते हैं। इससे बालों के स्कैल्प में मजबूती आती है और वह हेल्दी रहते हैं आप भी अपने बालों के लिए प्याज को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं।



## प्याज और नारियल के तेल से बनाएं हेयर मास्क

बालों के लिए प्याज काफी असरदार होती है वैसे ही नारियल तेल भी बालों को नरिश करता है। इसलिए ज्यादातर लोग इसका इस्तेमाल अक्सर अपने बालों में चंपी करने के लिए करते हैं।

## हेयर मास्क बनाने का तरीका


इसे बनाने के लिए सबसे पहले प्याज को चिले और छोटे-छोटे टुकड़ों में काटे। अब इसे मिक्सर ग्राइंडर में डालकर अच्छे से पीछे और एक स्मूथ पेस्ट तैयार करें। फिर उसमें नारियल का तेल मिक्स करें। इसके बाद इस मिश्रण को एक बर्तन में लेकर गैस पर रखें और गर्म होने दे। फिर इसे अपने बालों में अप्लाई करें और अच्छे से स्कैल्प पर मसाज करें। इसे अपने बालों में 1 से 2 घंटा लगे रहने दे फिर शैंपू से अपने बालों को साफ कर ले। इसके इस्तेमाल से बोल नरेश होते हैं टूटना कम हो जाते हैं और उनके ग्रोथ (बालों को बढ़ाने के घरेलू उपाय) भी काफी अच्छी हो जाती है।

# हाथों की उंगलियां रहती हैं बहुत ज्यादा ड्राई, तो यह टिप्स पनाएं

ड्राई स्किन और उंगलियों की समस्या तब होती है, जब हम कम पानी पीते हैं या शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में आप दिन में तीन से चार लीटर पानी पिएं। इससे ड्राईनेस की सभी समस्याओं से निजात मिल सकती है।

हाथ और उंगलियों की घी, मक्खन या बटरसे मालिश करें। घी में चीजों को चिकना करने के गुण होते हैं, ऐसे में रात में सोने से पहले हाथ और उंगलियों में घी से मालिश करें। जैतून के तेल को नेचुरल मॉइस्चराइजर कहा जाता है। इसे अपनी उंगलियों पर थोड़ी मात्रा में लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा शहद भी मिलाएं इससे बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

ओटमील को पहले गर्म पानी में भिगोकर पेस्ट बना लें और इसे उंगलियों पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे उंगलियों की ड्राईनेसतो दूर होगी ही साथ ही, स्किन रिपेयर भी होगी। यदि आप ज्यादा कपड़े धोती हैं, बर्तन धोती हैं या पानी के संपर्क में ज्यादा देर तक रहती हैं, तो अपने हाथों को ड्राईनेस से बचाने के



लिए ग्लव्स पहनकर काम करें। इसके अलावा हार्ड डिटर्जेंट और पाउडर के इस्तेमाल से बचें। हार्ड डिटर्जेंट और सोप आपके हाथ और उंगलियों को ड्राई करते हैं।

## कार्नर न्यूज

### बदलते दौर में फैशन का ट्रेंड भी नया हुआ, महिलाएं अपना रही

# 'नो मेकअप लुक' है आजकल चलन में, ट्राई करने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

एक समय था, जब हर उम्र की महिला काफी हैवी मेकअप करना पसंद करती थी। डार्क आईलाइनर, डार्क लिपस्टिक और हैवी फाउंडेशन तो जैसे हर महिला की पहली पसंद था लेकिन अब जैसे-जैसे समय बदल रहा है, वैसे-वैसे महिलाओं की पसंद भी बदलती जा रही है। अब महिलाएं हैवी मेकअप की जगह नो मेकअप लुक को कैरी करना ज्यादा पसंद करती हैं। नो मेकअप लुक कैरी करने स ना सिर्फ चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगते हैं, साथ ही में ये हर कार्यक्रम के लिए परफेक्ट भी होता है।

नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद तो हर किसी को होता है, पर इसे सही तरीके से कैरी करना कैसे है, ये हर किसी को नहीं पता होता। ऐसे में अगर आप भी नो मेकअप लुक पसंद करती हैं, तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते वक्त रखना है।



## फाउंडेशन से बनाएं दूरी

अगर आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाह रही हैं तो फाउंडेशन से दूरी बना लें। दरअसल, फाउंडेशन लगाने क बाद इसकी मोटी लेयर अलग से दिख जाती है, जो आपके नो मेकअप लुक को खराब कर सकती है।

## करें कंसीलर इस्तेमाल

फाउंडेशन की बजाय आप कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे और पता भी नहीं लगेगा कि आपने चेहरे पर कुछ लगाया है।

## जरूर लगाएं प्राइमर

नो मेकअप लुक में भी प्राइमर काफी जरूरी होता है। प्राइमर लगाने से स्किन ग्लो करती है। इसे लगाते वक्त ध्यान रखें कि इसकी लेयर ज्यादा मोटी ना होने पाए।

## गालों पर लगाएं हल्का सा ब्लश

अपने नो मेकअप लुक को पूरा करने के लिए हल्के रंग का ब्लश लगाएं। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा ना हो। नो मेकअप लुक में हल्का सा ब्लश काफी रहता है।

## काजल है जरूरी

अगर आप नो मेकअप लुक में काजल लगाएंगी तो इससे आपकी आंखों की सुंदरता कई गुना बढ़ जाएगी। वरना आंखें सूजी-सूजी दिखाई देंगी।

## न्यूड लिपस्टिक को दें प्राथमिकता

नो मेकअप लुक में न्यूड लिपस्टिक की काफी अहम भूमिका होती है। आप चाहें तो लाइट पिंक रंग का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

